सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 320, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 08 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





भारतीय कंपनियों को अब विदेशों में निवेश करना पसंद 5

रोहित-विराट के समर्थन में उतरे युवराज 6

## स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन प्रारंभ करने की मंत्रि-परिषद ने दी सैद्धांतिक स्वीकृति

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के युवाओं के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के उद्देश्य से युवा-उन्मुखीकरण की गतिविधियों को समन्वित रूप से एक ही मंच पर लाने के लिए स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन प्रारंभ करने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर प्रदेश में चार मिशन अन्नदाता (किसान) कल्याण, युवा शक्ति, नारी शक्ति और गरीब कल्याण को लागू करने की घोषणा की थी। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन, युवाओं के उन्मुखीकरण की गतिविधियों को समन्वित करने के लिए एक साझेदारी मंच का निर्माण करेगा, जिससे राज्य के विकास को बढ़ावा मिलेगा। स्वामी विवेकानन्द की जयंती 12 जनवरी 2025 (युवा दिवस) के अवसर पर मिशन प्रारंभ किया जायेगा। मिशन के प्रमुख उद्देश्य युवाओं में आत्म-विश्वास निर्माण, प्रतिस्पर्धा के लिए तैयारी के साथ उनके कौशल उन्नयन और प्रतिभा को निखारने की गतिविधियों को बढ़ावा देना है। मिशन के प्रमुख घटक संवाद, सामर्थ्य (योग्यता) और समृद्धि, है।

मिशन के तीन प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए गये है। पहला लक्ष्य-प्रत्येक युवाओं की आय का स्तर न्यूनतम कुशल श्रेणी श्रमिक की दर के बराबर लक्षित करना। दूसरा लक्ष्य-प्रत्येक युवा को कक्षा 12वीं तक के स्तर तक शिक्षा पूरी कराने के लिये प्रयास करना। यह लक्ष्य 10वीं में वर्ष 2028 तक तथा 12वीं में वर्ष 2030 तक हासिल किया जायेगा। तीसरा लक्ष्य-प्रत्येक युवा को समाज के हित में सामाजिक पहल का हिस्सा बनाना है। वर्ष 2030 तक 70 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की जायेगी।

मंत्रि-परिषद द्वारा पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत सहकारी प्रणाली और सांची ब्राण्ड को बड़ा बनाने के उद्देश्य से एम.पी. स्टेट को-ओपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य होने वाले सहकार्यता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) पर सहमति दी गयी। यह निर्णय मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है। एम.पी. स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य कोलेबोरेशन एग्रीमेंट के अनुसार दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं सही कीमत दिलाने में मदद के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे। दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जायेगी। इस तरह अगले 5 सालों में लगभग 1500 करोड़ रूपये का निवेश किया जायेगा। दुग्ध समितियों की संख्या 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार की जायेगी। इस तरह दूग्ध संकलन 10.50 लाख किलोग्राम से बढ़ाकर 20 लाख किलोग्राम किया जायेगा। दुग्ध उत्पादकों की कुल वार्षिक आय 1700 करोड़ रूपये से दोगुना कर 3500 करोड़ रूपये किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

## भारतपोल पोर्टल से अंतरराष्ट्रीय डाटा का उपयोग करना आसान होगा : शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देश ने मंगलवार को विभिन्न जांच एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय बनाने के लिए सीबीआई की ओर से विकसित भारतपोल पोर्टल को लॉन्च किया। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यह आधुनिक सेवाओं के इस्तेमाल का वक्त है। इसलिए भारतपोल पोर्टल विकसित किया गया है। इससे सुरक्षित भारत बनाने का सपना पूरा होगा। सुरक्षा चुनौतियों से लड़ने में मदद मिलेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतपोल हमारे देश में अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाएगा। सीबीआई इंटरपोल के साथ काम करने वाली एकमात्र एजेंसी थी, लेकिन भारतपोल से हर भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस आसानी से इंटरपोल से जुड़ सकेगी। हम अंतर को पाटने और अपराध को नियंत्रित करने के लिए कुशलता से काम करने में सक्षम होंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतपोल पोर्टल से अंतरराष्ट्रीय डाटा का उपयोग करना आसान होगा। भगोड़े अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी। इंटरपोल का डाटा भी हमारे पास होगा। अपराधियों को ट्रैक करने की व्यवस्था होगी। इस दौरान बेहतर काम करने पर 35 सीबीआई अधिकारियों को पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

भारतपोल पोर्टल देश की जांच एजेंसियों को रियल टाइम सूचना साझा करने में सक्षम बनाएगा। केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्तर पर यह समन्वय इंटरपोल लाइजनिंग ऑफिसर (आईएलओ) के जरिए किया जाता है, जो अपने-अपने संगठनों में पुलिस अधीक्षकों, पुलिस आयुक्तों और शाखा प्रमुखों के स्तर पर यूनिट ऑफिसर से जुड़े होते हैं। मौजूदा समय में सीबीआई, आईएलओ और यूओ के बीच संचार का साधन पत्र, ईमेल और फैक्स है। भारतपोल पोर्टल बनने से एजेंसियों के बीच समन्वय बेहतर होने के साथ ही अपराधी को पकड़ने में मदद मिलेगी। नया अत्याधुनिक ऑनलाइन मंच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस बलों और केंद्रीय एजेंसियों को विदेश में छिपे भगोड़े व्यक्तियों या अन्य मामलों के बारे में इंटरपोल से सूचना मांगने के लिए अपने अनुरोध भेजने की सुविधा देगा। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भारत का राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो है, जो इंटरपोल से संबंधित मामलों के लिए जिम्मेदार है। इंटरपोल के माध्यम से, सीबीआई भारत में अपराध या अपराधियों की जांच में सहायता के लिए इंटरपोल के अन्य सदस्य देशों की समान एजेंसियों से आवश्यक जानकारी मांग सकती है तथा अन्य देशों की सहायता के लिए आपराधिक डेटा और खुफिया जानकारी साझा कर सकती है।

## मुझे गाली दें या दाऊद कहें, पर दिल्ली के किसानों की मदद करें

### कृषि मंत्री शिवराज चौहान का सीएम आतिशी पर पलटवार



**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पर पलटवार किया। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्र सरकार की किसान कल्याण योजनाओं को लागू करने की अपील करते हुए कहा कि अगर इससे दिल्ली के कृषक समुदाय को लाभ होता है तो वह व्यक्तिगत हमलों का सामना करने के लिए तैयार हैं। शिवराज ने यहां दिल्ली के किसानों के एक समूह के साथ बैठक में कहा कि मुझे गाली दीजिए या दाऊद कहिए, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन भारत सरकार की किसान कल्याण योजनाओं को दिल्ली के किसानों के लिए लागू कीजिए, उन्हें योजनाओं का लाभ दीजिए।

उनका बयान ऐसे वक्त आया है, जब आम आदमी पार्टी (आप) नेतृत्व की ओर से हाल ही में शिवराज सिंह की आलोचना की गई थी। उन्होंने कहा कि आप मुझे गाली दें तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन योजनाओं का लाभ किसानों को दें...किसी को गाली देना मेरे स्वभाव में नहीं है। मैं आपसे हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि योजनाओं को लागू करें। शिवराज ने कहा कि मैं बड़ी पीड़ा के साथ कह रहा हूं कि दिल्ली के किसानों को केंद्र सरकार की कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। किसानों को केंद्र द्वारा दी जा रही सब्सिडी का लाभ नहीं मिल रहा है। दिल्ली में केंद्र सरकार की कृषि योजनाओं का क्रियान्वयन केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच तकरार का विषय रहा है। बैठक में कई किसानों ने पड़ोसी राज्यों में उपलब्ध महत्वपूर्ण कार्यक्रमों से खुद को वंचित रखे जाने का उल्लेख किया।

## हवा में बंद हुआ एअर इंडिया के विमान का इंजन

**बंगलूरू।** एयर इंडिया के एक विमान का हवा में इंजन बंद होने की चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। बंगलूरू हवाई अड्डे के सूत्रों ने बताया कि रविवार को दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की एक फ्लाइट का हवा में इंजन बंद हो गया। जिसके बाद उसकी आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। सूत्रों के अनुसार, उड़ान 2820 ने रविवार शाम करीब 7 बजे बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। सूत्रों ने बताया कि यह बंगलूरु का चक्कर लगाने के एक घंटे बाद वापस लौट आई। घटना रविवार की है। सूत्रों का कहना है कि, हमारे पास इस घटना का तकनीकी विवरण नहीं है, लेकिन फ्लाइट को आपातकालीन लैंडिंग करायी गई थी।

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का स्मारक बनाएगी सरकार



पीएम मोदी से मिलीं शर्मिष्ठा मुखर्जी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय प्रणब मुखर्जी का स्मारक बनाने का फैसला किया है। पूर्व राष्ट्रपति का स्मारक बनाने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्मृति परिसर (राजघाट परिसर का एक हिस्सा) के भीतर एक स्थल को चिन्हित करने को मंजूरी भी दे दी है।

बता दें कि, इसकी जानकारी लेखक और पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर दी है। उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और बाबा के लिए एक स्मारक बनाने के उनके सरकार के फैसले के लिए दिल से आभार और कृतज्ञता व्यक्त की। यह और भी अधिक सराहनीय है, क्योंकि हमने इसके लिए नहीं कहा था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित लेकिन सचमुच दयालु भाव से मैं बहुत प्रभावित हूं।

अपने दूसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा- बाबा कहते थे कि राजकीय सम्मान के लिए मांग नहीं करनी चाहिए, बल्कि उसे पेश करना चाहिए। मैं बहुत आभारी हूं कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा की याद में ऐसा किया। इससे बाबा पर कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे अब कहां हैं- सिर्फ तारीफ या आलोचना से परे। लेकिन उनकी बेटी के लिए, मैं अपनी खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकता। भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय प्रणब मुखर्जी का जन्म 11 दिसंबर 1935 में पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में हुआ था। वे भारत के 13वें राष्ट्रपति पद पर साल 2012 से 2017 तक थे। प्रणब मुखर्जी पश्चिम बंगाल से राष्ट्रपति पद पर पहुंचने वाले पहले शख्स थे।

## एचएमपीवी को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय की राज्यों को सलाह

**नई दिल्ली ।** देश में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के मामले सामने आने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय अलर्ट मोड पर है। इसे लेकर राज्यों को सतत निगरानी और सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। वहीं एचएमपीवी को लेकर बढ़ रही चिंता के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला ने देश में श्वसन संबंधी बीमारियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों के प्रबंधन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि एचएमपीवी से जनता को घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

## अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव का एलान

**अयोध्या**

उत्तर प्रदेश में अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव की तारीख का एलान हो गया है। मंगलवार को चुनाव आयोग ने इसकी घोषणा कर दी। चुनाव आयोग ने कहा कि मिल्कीपुर में पांच फरवरी 2025 को मतदान होगा। वहीं आठ फरवरी 2025 को मतगणना होगी। मिल्कीपुर में चुनाव का एलान होने के साथ ही यूपी में सियासी पारा गर्म होने लगा है।

अयोध्या में लोकसभा सीट जीतने के बाद से जहां सपा फुल कान्फिडेंट है, वहीं भाजपा इस सीट पर जीत दर्ज करके हार की निराशा से उबरना चाहती है। वर्ष 2024 के नवंबर महीने में नौ सीटों पर हुए उपचुनाव में हार मिलने के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने उपचुनाव न लड़ने का एलान कर दिया है। ऐसे में मिल्कीपुर में सत्तासीन भाजपा और सपा में सीधी टक्कर देखने को मिलेगी।

## आसाराम बापू को चिकित्सा आधार पर मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2013 के दुष्कर्म मामले में बाबा आसाराम बापू को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने निर्देश दिया कि अंतरिम जमानत पर रिहा होने के बाद आसाराम सबूतों से छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं करेगे और अपने अनुयायियों से नहीं मिलेंगे। कोर्ट ने उन्हें 15 मार्च तक के लिए यह अतंरिम जमानत दी है।

सुप्रीम कोर्ट 1984 के सिख विरोधी दंगे में सजा के खिलाफ कांग्रेस के पूर्व नेता सज्जन कुमार और पूर्व पार्षद बलवान खोखर की याचिकाओं पर जुलाई में सुनवाई करेगा। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने सोमवार को स्पष्ट किया कि अगर अंतिम सुनवाई निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नहीं हो पाती है तो याचिकाकर्ता अदालत से सजा के निलंबन का अनुरोध कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड तलब किए, जो सभी संबंधित पक्षों को उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं, एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (गृह) अश्विनी कुमार को दिल्ली वक्फ बोर्ड प्रशासक के रूप में नियुक्त किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। कुमार की नियुक्ति 10 जनवरी से प्रभावी होगी। जस्टिस एमएम सुंद्रेश और जस्टिस राजेश बिंदल की पीठ ने याचिकाकर्ता जमीर अहमद जुमलाना को दिल्ली हाईकोर्ट में अपील करने को कहा। जुमलाना ने कुमार को वक्फ बोर्ड के प्रशासन के रूप में काम करने से रोकने और कार्यालय को तत्काल खाली करने का निर्देश देने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के निठारी हत्याकांड में सुरेंद्र कोली को बरी किए जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई को तैयार हो गया। इस मामले में 25 मार्च को होगी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि यह मामला यूपी के निठारी में हुई बहुत गंभीर और वीभत्स हत्याओं से जुड़ा है। कोली के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ सबूत एक इकबालिया बयान है, जो मामले में पुलिस हिरासत के कई दिनों बाद दर्ज किया गया था।

## फिर बदला कांग्रेस का ठिकाना, अब 9ए-कोटला रोड होगा मुख्यालय

**नई दिल्ली।** कांग्रेस मुख्यालय का नया पता 9ए कोटला रोड होगा। 24 अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय अगले दो से तीन हफ्ते में नए जगह शिफ्ट हो जाएगा। नए भवन का नाम इंदिरा भवन रखा गया है। कांग्रेस मुख्यालय भूमिगत समेत सात मंजिला है। यह पार्टी के अलावा अनुषांगिक संगठनों का भी मुख्यालय होगा। अभी 24 अकबर रोड पर मुख्यालय, सेवादल इसी रोड पर 24 नंबर बंगले और रायसीना रोड पर युवा कांग्रेस और भारतीय छात्र संघ का कार्यालय है।

नए भवन में एक संग्रहालय होगा जो भारतीय वास्तुकला का अनूठा नमूना होगा। इसमें पार्टी के इतिहास से वर्तमान तक के सफर को दिखाया गया है। इसमें सुरक्षा को काफी महत्व दिया गया है। अभी 24 अकबर रोड पर मुख्यालय, सेवादल इसी रोड पर 24 नंबर बंगले और रायसीना रोड पर युवा कांग्रेस और भारतीय छात्र संघ का कार्यालय है। कांग्रेस के राजनीतिक दल बनने का सफर 28 दिसंबर 1885 में शुरू हुआ।

## बोरवेल में गिरी 18 साल की किशोरी की मौत

**गांधीनगर।** गुजरात के कच्छ जिले में गहरे बोरवेल में गिरी 18 वर्षीय लड़की को मंगलवार को बाहर निकाल लिया गया। हालांकि, उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। कई एजेंसियों की 33 घंटे से अधिक समय की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया। घटना जिले के भुज तालुका के कंदेराई गांव में सोमवार सुबह करीब 6.30 बजे हुई। उन्होंने कहा कि किशोरी 540 फुट गहरे बोरवेल में 490 फुट की गहराई पर फंसी हुई थी।

अधिकारियों ने कहा कि बोरवेल का व्यास एक फुट था और चूंकि वह बड़ी थी और उसमें गहराई तक फंसी हुई थी, इसलिए बचाव कार्य मुश्किल हो गया।

## सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, कई राज्यों में बहुत घने कोहरे का अलर्ट



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत समेत देश के कई राज्यों में ठंड का कहर जारी है। मंगलवार को तेज सर्द हवाओं ने दिल्ली एनसीआर समेत कई राज्यों में ठिठुरन बढ़ा दी है। पश्चिम हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में चोटियों पर भारी हिमपात हुआ है। इससे, इन राज्यों के साथ ही आसपास के अन्य मैदानी राज्यों में ठंड बढ़ गई है। फिलहाल कोहरे से राहत मिली हुई है, हालांकि कई ट्रेनें अब भी देरी से चल रही हैं। मंगलवार को दिल्ली में मुख्य रूप से साफ आसमान रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने कहा कि अधिकांश स्थानों पर धुंध और मध्यम कोहरा रहने की संभावना है, सुबह के समय अलग-अलग स्थानों पर घना कोहरा रहेगा। वहीं दिल्लीवासी तेज हवाओं का सामना करेंगे। आज दिल्ली का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस तक जाएगा। वीकेंड पर बारिश की आशंका जताई गई है।

पश्चिम विक्षोभ और पूर्वी हवाओं के संपर्क में आने से 10-12 जनवरी के बीच उत्तर पश्चिम भारत में बारिश होने की संभावना है।

## दिल्ली में एक चरण में विधानसभा चुनाव होगा

### पांच फरवरी को मतदान, आठ फरवरी को मतगणना होगी



**दिल्ली।** दिल्ली में 70 विधानसभा सीटें पर चुनाव आयोग ने तारीखों का एलान कर दिया है। दिल्ली में एक चरण में विधानसभा चुनाव होंगे। पांच फरवरी को मतदान होगा। जबकि आठ फरवरी को मतगणना होगी।

विपक्ष द्वारा लगातार विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वोटर लिस्ट में हेरफेर करने के आरोपों और ईवीएम पर उठाए गए सवालों पर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह सभी आरोप निराधार हैं। हमेशा सूची में कुछ नामों को जोड़ा जाता है और कुछ को हटाया जाता है। वोटर हटाने पर पूरी प्रक्रिया का पालन होता है। राजनीतिक दलों की सहमति से ही वोटर लिस्ट अपडेट होती है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, हर गांव में हर पोलिंग स्टेशन पर जो भी ड्राफ्ट रोल है उसकी कॉपी पब्लिश की जाती है। बिना पर्सनल हेयरिंग के नाम नहीं कट सकता है। दो फीसदी से अधिक के नाम कटने से एआरओ और आरओ जाकर खुद चेक करते हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने ईवीएम पर बोलते हुए कहा, ईवीएम पर सब जवाब होने के बाद भी कहा गया कि इसे मैनिपुलेट किया जा सकता है। वोटर टर्नआउट 5 बजे के बाद बढ़ जाता है। कई इलाकों में वोटर बढ़ गए। राजीव कुमार ने कहा कि काउंटिंग में मिसमैच हो गया, कहीं कम गिन लिए, कहीं ज्यादा गिन लिए गए। सभी सवालों का जवाब आज देंगे।

चुनाव आयुक्त ने कहा, चुनाव से पहले नई बैटरी डाली जाती है। उसी दिन उसे सील की जाती है। जिस दिन पोलिंग डे होता है उस दिन सील पोलिंग एजेंट के सामने तोड़ी जाती है। मॉक पोल किया जाता है। पोलिंग एजेंट रिकॉर्ड रखते हैं, कौन आया कौन गया। किसमें कितने वोट पड़े इसकी संख्या उनको दी जाती है। काउंटिंग के दिन भी पूरी प्रक्रिया दोहराई जाती है। फॉर्म 17 सी से मिलान होता है। उसके बाद बाद पांच रेंडमली सिलेक्टेड वीवीपैट की गिनती भी की जाती है। सारी चीजों को बहुत बार चैलेंज किया गया है। माननीय हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ईवीएम रद्द नहीं किया जा सकता है। इसके खिलाफ कोई पुख्ता नहीं नहीं है।

मुख्य चुनाव अधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि ईव्हीएम मतगणना के लिए पूर्णतया सुरक्षित हैं। ईव्हीएम से छेड़छाड़ के आरोप निराधार हैं, हम अब इसलिए बोल रहे हैं क्योंकि चुनाव के समय हम नहीं बोलते, व्हीव्हीपैट प्रणाली वाली ईव्हीएम मतदान प्रणाली की सटीकता सुनिश्चित करती है। पुराने पेपर बैलट की वापसी अनुचित और प्रतिगामी है। इसका उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को पटरी से उतारना है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि मतदाता मतदान प्रतिशत को बदलना असंभव है। कुछ मतदान दल आधी रात या अगले दिन रिपोर्ट देते हैं। मतगणना से पहले फॉर्म 17सी का मिलान किया जाता है। ऐसा कुछ भी नहीं है जो वीटीआर स्पष्ट न करे। यह पूरी तरह से स्पष्ट करता है।

# शिकायत के बाद भी किसानों के साथ हो रहा अन्याय, जिम्मेदार मौन

सीधी

जिले के खरीदी केंद्रों में कलेक्टर द्वारा निरीक्षण करना उचित नहीं समझा जा रहा है। जबकि पड़ोसी जिले के रीवा में कलेक्टर द्वारा खरीदी केंद्रों में निरीक्षण किया गया उस दौरान कई अव्यवस्था देखने को मिली लेकिन सीधी कलेक्टर द्वारा निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। जिस वजह से मनमानी का आलम सीधी जिले में देखने को मिल रहा है।इसके साथ ही अन्य अधिकारी भी चुप्पी साधे हुए हैं।

देखा जाए तो जिले के खरीदी केंद्रों में कई शिकायतें आ रही हैं। हालात यह है कि मनमानी तौर पर धान की तौलाई निर्धारित तौल से ज्यादा हो रही है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी पहल करने से परहेज कर रहे हैं। जिस वजह से खरीदी केंद्र प्रभारी मालामाल हो रहे हैं लेकिन किसान लुटने के लिए मजबूर हैं।

समिति प्रबंधक द्वारा सर्रा खरीदी केंद्र में किसानों के साथ अनदेखी कर रहे हैं।इतना ही नहीं उन्हें धौंस भी दिया जाता है। यहां तक कि किसानों के साथ छलावा भी करने का काम किया जा रहा



है। धान खरीदी केंद्र में मापदंड से ज्यादा धान लेने के अलावा भूसा भरी धान भी लेने की शिकायतें मिल रही है। ऐसे में समिति प्रबंधक सुखेन्द्र सिंह की तानाशाही रवैया कम नहीं मानी जा रही है। इसकी शिकायत कलेक्टर एवं सीईओ सहकारी बैंक से होने के बाद भी कार्यवाही नहीं हो पा रही है।

सिहावल ब्लॉक अंतर्गत बमुरी समिति प्रबंधक खरीदी केंद्र में मनमानी कर रहे हैं उसकी शिकायत मिल रही है। वह खुद जाते नहीं है कर्मचारियों को लगाकर नापतौल के नाम पर किसानों से ही काम कराते हैं एवं भुगतान मजदूरों के नाम पर लेने की जुगाड़ कर रहे हैं। जबकि उनका एक और खरीदी केंद्र सैरपुर सीधी ब्लॉक अंतर्गत है। वहां जिन्हें ड्यूटी में लगाए हैं वह वहां भी मनमानी के आलम में हैं। ऐसे में खरीदी केंद्र में भारी अव्यवस्था किसानों के साथ हो रही है।

इस मामले में भाजपा के सांसद, विधायक कोई पहल नहीं कर रहे हैं। किसानों के साथ खरीदी केंद्र में अनदेखी की जा रही है। इसके बाद भी पहल न होना समझ से परे मानी जा सकती है। सांसद एवं विधायक कहीं निरीक्षण एवं किसानों की हमदर्दी को लेकर कोई पहल नहीं कर पा रहे हैं। वहीं विपक्ष के नेता भी इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। यही वजह है कि खरीदी केंद्र में मनमानी बनी हुई है।

जिले के कलेक्टर से किसानों को उम्मीदें हैं कि उनकी समस्याएं सुनें। जबकि मुख्यमंत्री का भी स्पष्ट निर्देश है कि कलेक्टर खरीदी केंद्र में निरीक्षण करें लेकिन अभी तक कलेक्टर भी खरीदी केंद्र में निरीक्षण करना उचित नहीं समझ रहे हैं। किसानों की समस्या को लेकर कलेक्टर से कोई मतलब नहीं रह गया है। हालांकि किसानों को उम्मीदें हैं कि कलेक्टर निरीक्षण करेंगे तो पहल की जाएगी परंतु वह खरीदी केंद्रों में जाना उचित नहीं समझ रहे हैं।

## ठंड से सिकुड़ते हुए लोगों को कलेक्टर ने वितरित किया कंबल

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले में जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के पास अपना आवेदन लेकर आए कुछ ऐसे आवेदनकरता जो अधिक ठंडी की वजह से आवेदन देते समय उनकी आवाज एवं हाथ कप रहे थे । कलेक्टर ने ऐसे लोगों के प्रति संवेदनशीलता देखता हुए तत्काल ठंड से बचाव के लिए कम्बल मंगाकर न सिर्फ लोगों की समस्याएं सुनी बल्कि उनकी स्थिति और ठंड के सीजन को देखते हुए जरूरतमंदों को कंबल भी वितरण किए। कलेक्टर की ऐसे भावनाओं को देख कर एवं कंबल प्राप्त कर बुजुर्ग एवं अन्य लोगों ने कलेक्टर के प्रति धन्यवाद व्यापित किया। विदित हो कि ठंड का मौसम है और ठंड अपने पूरे शबाब पर है, ऐसे भी गरीब हैं जिनके पास ठंड से बचने के लिए पर्याप्त कपड़े नहीं थे। जिला कलेक्टर ने बताया की सरकार की मनसा भी यही है कि गरीबों को हर तरह से मदद की जाए। ऐसे मनसा के परिपालन में इन गरीबों को इस कड़कड़ाती ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरण किया गया ।

# एनटीपीसी विंध्याचल मे व्यावसायिक उत्कृष्टता असेसमेंट 2025 का भव्य उद्घाटन

**सिंगरौली।** भारत के सबसे बड़े पावर स्टेशन, एनटीपीसी विंध्याचल ने 7 जनवरी 2025 को मैत्री सभागार में बीई (बिजनेस एक्सीलेंस) असेसमेंट की शुरुआत एक भव्य उद्घाटन कार्यक्रम के साथ की। इस कार्यक्रम की अगुवाई श्री ई सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने की।असेसर्स टीम की अध्यक्षता एस आर गोविंदराजन, गुणवत्ता चैम्पियन और जे सी नारायणप्पा, पूर्व मुख्य महाप्रबंध,एनटीपीसी लिमिटेड ने की। इस टीम में विनय कुमार तिवारी, जयप्रकाश सत्यकम, बिज्जा नवीन कुमार, विष्णु प्रताप सिंह और श्रीमती बिदिशा सेन जैसे प्रमुख असेसर्स शामिल थे, जो स्टेशन के परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए अपनी विशेषज्ञता प्रदान करेंगे। समारोह में कई वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति भी रही, जिसमें डॉ. बीसी चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा), संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (आरएलआई), सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (ग्रीन केमिकल्स और बीई), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), एजे राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस और एडीएम), डी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक(सी एंड एम) और राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख



(विंध्याचल) शामिल रहे।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, एनटीपीसी गीत और अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत से हुई। श्री ई सत्य फणि कुमार ने कार्यक्रम में संबोधन करते हुए कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल भारत के ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने असेसर्स मंडल से मिलने वाली प्रतिक्रिया को महत्वपूर्ण बताते हुए स्टेशन के प्रदर्शन और कार्यकुशलता को और बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।इसके बाद एक कॉर्पोरेट फिल्म दिखाई गई, जिसमें स्टेशन की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया और इसके बाद विस्तृत प्रस्तुतियां दी गईं। श्री राम सेवक जायसवाल, उप महाप्रबंधक (ईईएमजी) ने स्टेशन के प्रदर्शन का संक्षिप्त अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसमें विशेष रूप से कार्बन-टू-मेथेनॉल परियोजना को प्रमुखता दी गई, जो स्थायी ऊर्जा की दिशा में एक कदम है। इस पहल के अलावा, एनटीपीसी के पर्यावरणीय संरक्षण के व्यापक प्रयासों ने असेसर्स टीम पर गहरी छाप छोड़ी। इसके अतिरिक्त, श्रीमती कमना शर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने एनटीपीसी विंध्याचल के मानव संसाधन विकास, कौशल वृद्धि और सामुदायिक सशक्तिकरण कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बालिका सशक्तिकरण अभियान (जेम 2024) जैसी पहलों का उल्लेख किया, जो समुदायों को सशक्त बनाती हैं और समाज के कल्याण में योगदान करती हैं।कार्यक्रम का समापन सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (ग्रीन केमिकल्स और बीई) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ ।

## सिंगरौली पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों का नागरिकों द्वारा किया गया सम्मान

**सिंगरौली।** सूर्य किरण, दुधीचुआ, जयन्त में पुलिस सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, राजेन्द्र मेश्राम विधायक देवसर, भाजपा जिला अध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता, दिलीप शाह अध्यक्ष सिंगरौली विकास प्राधिकरण, देवेश पाण्डेय नगर निगम अध्यक्ष, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला जिला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर, राहुल सैयाम एसडीओपी देवसर व पुलिस अधिकारी व कर्मचारी व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे है।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, जिला सिंगरौली द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा जिला सिंगरौली, पीएस परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर, निरी. अशोक सिंह परिहार थाना प्रभारी बैढ़न, निरी. ज्ञानेन्द्र सिंह थाना प्रभारी नवानगर व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।जनसुनवाई पुलिस अधीक्षक



मनीष खत्री द्वारा आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र समक्ष में प्रस्तुत किये गये, जिसे प्रत्येक आवेदकों से रू-ब-रू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना जाकर कई शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया।जनसुनवाई में महिला फरियादियों की शिकायतो को तत्परता से कार्यवाही किये जाने हेतु महिला अधिकारी /कर्मचारीयों से शिकायतो की कॉउंसलिंग कराई जाकर उनकी शिकायतो के निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

# आडिट के नाम पर विद्यालयों से 1 हजार की वसूली!

## मामला बीआरसी कार्यालय चितरंगी का, प्रधानाचार्यो में आक्रोश

**सिंगरौली।** बीआरसी कार्यालय चितरंगी हमेशा कुछ ना कुछ मामलों में सुर्खियों में रहा है। वहीं अब कैश बुक,उपयोगिता पंजी के नाम पर वेजा वसूली के आरोप लग रहे हैं। बीआरसी कार्यालय के इस कार्य प्रणाली से प्रधानाचार्यो में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इधर बता दे कि अभी कुछ महीनो पूर्व तत्कालीन बीआरसी चितरंगी कबाड़ में पुस्तक बचने के मामले में नप गये। उनके स्थान पर बीआरसी संजय मिश्रा को बनाया गया है। ऐसा लगा कि चितरंगी बीआरसी कार्यालय की व्यवस्था में सुधार होगा, लेकिन व्यवस्था में




सुधार नहीं देखा जा रहा है। प्रशासनिक पदों पर बैठने के बाद जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को भूलकर पैसा कमाने में लग जाते हैं। स्थानीय सूत्र बताते हैं कि चितरंगी बीआरसी कार्यालय में इन दिनों जमकर वेजा वसूली की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि चितरंगी विकासखंड में शासकीय विद्यालयों के कैश बुक, उपयोगिता पंजी की ऑडिट की जा रही है। आडिट करने वाले जिम्मेदार ऑडिट करने तो नहीं गए हैं लेकिन चितरंगी बीआरसी को जिम्मेदारी सौंपे हैं। जहां विद्यालयों के प्रधानाचार्य आडिट कराने के लिए बीआरसी कार्यालय में बतौर कमीशन के रूप में 1 हजार रूपये भेंट कर रहे हैं। स्थानीय सूत्र बताते हैं कि बीआरसी कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर और बीएसी के द्वारा पैसा लिया जा रहा है। इस आरोप में कितनी सच्चाई है यह तो जांच का विषय है लेकिन जो प्रधानाचार्य आडिट के नाम पर पैसा दे रहे हैं वह खुद दबी जुबान में बता रहे हैं।

### इनका कहना है

आडिट के नाम पर किसी से कोई पैसे की मांग नहीं की जा रही है। जो आरोप लगाए जा रहे हैं वह गलत है।

**संजय मिश्रा**
**बीआरसी चितरंगी**

# प्रभारी सचिव आदिमजाति कल्याण विभाग एवं कलेक्टर ने संयुक्त रूप से छात्रावास का किया निरीक्षण

**सिंगरौली।** अनिल सुचारी सचिव सामान्य प्रशासन विभाग एवं प्रभारी सचिव आदिमजाति कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल एवं कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा संयुक्त रूप से शासकीय अनुसूचित जाति कन्या सीनियर छात्रावास एवं शासकीय जन जाति बालक छात्रावास देवसर का निरीक्षण किया गया । प्रभारी सचिव श्री सुचारी ने जहां छात्रावास की छात्राओं से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। छात्राओं के द्वारा कहा गया कि किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है हम लोगों के लिए गणित,फिजिक्स एवं अंग्रेजी विषय की कोचिंग व्यवस्था कराई जाए। इस विषय के सम्बन्ध में कलेक्टर ने कहा कि कोचिंग की व्यवस्था शीघ्र कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने छात्र छात्राओं को दिए जाने वाले नाश्ता ,भोजन के मेनू के संबंध में जानकारी ली साथ ही दाल एवं चावल के नमूने का भी अवलोकन किए। वही छात्रावासों में अच्छी साफ सफाई व्यवस्था के साथ साथ छात्र छात्राओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इस पर निरंतर ध्यान देने के लिए ऐ. सी. ट्राइबल एवं अधीक्षकों को निर्देश दिए । साथ ही शयन कक्षों में टाइल्स के साथ साथ उत्तम प्रकाश व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान छात्र उपस्थिति पंजी , खाद्यान पंजी , कैश पंजी का अवलोकन किया जाकर आवश्यक निर्देश दिए ।

## पिपरा कबड्डी लीग सीजन 4 में मायाराम महाविद्यालय की टीम बनी उप विजेता

**सिंगरौली।** जिले के ग्राम पिपरा में दिनांक 3 जनवरी 2025 से 5 जनवरी 2025 तक पिपरा कबड्डी लीग सीजन 4 का आयोजन किया गया था, जिसमें मायाराम महाविद्यालय की टीम ने



अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए उप-विजेता का खिताब हासिल किया। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बद्री नारायण बैस जी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं कहा कि आगे भी इसी तरह प्रतियोगिताओं में अच्छी तैयारी के साथ भाग ले और इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करें। प्रबंध समिति द्वारा टीम को रूप 5000 प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# अतिथि शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई बैढ़न की कार्यकारणी घोषित

**सिंगरौली।** अतिथि शिक्षक समन्वय समिति संघ सिंगरौली के अंतर्गत बैंढन के अध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा ने कार्यकारणी की घोषणा जिला अध्यक्ष उमा शंकर सिंह बैंस के मार्गदर्शन में घोषित किया है जिसमे कुल 31 कार्यकर्ताओं को जगह देते हुए पद सौंपा है जिसमे ब्लाक उपाध्यक्ष के रूप में सुरेश प्रसाद दुबे,राधा कृष्ण कुशवाहा,कमलभान सिंह,गणेश बैंस,पवन रजक, ब्लॉक महामंत्री के रूप में नवल शाह, ब्लॉक सचिव सरोज शाह,राजकुमार बैंस,लल्ला सिंह,देवीदयाल शाह,शालू सिंह,ब्लॉक मीडिया राजकमल बैंस, ब्लॉक सह मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष कृष्णकुमार रजक,सह कोषाध्यक्ष महेश कुमार बैंस,ब्लॉक प्रवक्ता अर्चना त्रिपाठी, ब्लॉक सह प्रवक्ता अमित कुमार यादव,ब्लॉक महिला प्रमुख प्रीति सिंह, ब्लॉक सह महिला प्रमुख अर्चना पटेल,ब्लॉक संकुल प्रमुख रामचंद्र शाह ,कार्यालय प्रमुख शिव कुमार यादव, ब्लॉक कार्यकारणी के सदस्य के रूप में प्रवीण कुमार वर्मा,राजीव रंजन यादव, श्याम बिहारी मिश्र,नरेश शाह,कृष्ण मुरारी बैंस,दिलीप शर्मा,शालिक राम शाह,बद्री शाह,कृष्णकांत वर्मा,राजेश कुमार बैंस,सहित को कार्यकारणी में जगह देते हुए सबको पद सौंप कर विश्वास जताया है इस कार्यकारणी घोषणा के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष सुनील सिंह परिहार,प्रदेश सचिव रविकांत गुप्ता ,जिला संरक्षक लक्ष्मण सिंह, जिला अध्यक्ष उमा शंकर सिंह बैंस,जिला महामंत्री तबरेज वर्षी, विद्याकांत बैंस,सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया इस मौके जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी अपनी मांगों को लेकर सरकार से लगातार मांग जारी रखते रहेंगे पूरे टीम में नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई प्रदान किया।

# नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपी को नौडिहवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** नाबालिक को बहला फुसलाकर भगा ले जाने मामले के आरोपी युवक को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। मामले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के सुजीत कोल को गिरफ्तार किया है।



नौडिहवा चौकी प्रभारी उदय करिहार ने बताया कि 11 दिसंबर को गोडगवा निवासी फरियादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि नाबालिक बेटी सीमा देवी (काल्पनिक नाम) बिना बताये कही चली गयी गयी है। जिसकी काफी पता तलाश किया लेकिन कही पता नही चला। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना गढ़वा में अपराध क्र.431/24 धारा 137 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी ने इस मामले की जानकारी एसपी मनीष खत्री को दीं। एसपी के निर्देशन पर पुलिस लड़की की तलाश शुरू की। इसी दौरान पुलिस को जानकारी लगी कि अपहृता एवं आरोपी सुजीत कोल पिता बेचू कोल उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम डोडिहार थाना घोरावल जिला सोनभद्र (उ.प्र.) के बीच पिछले कई दिनो से बातचीत हो रही थी। बातचीत के बाद आरोपी सुजीत को अपहृता को बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने सायबर सेल की मदद से आरोपी को ग्राम डोडिहार थाना घोरावल जिला सोनभद्र (उ.प्र.) से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।इस कार्यवाही मे निरी. अनिल कुमार पटेल गढ़वा, उनि उदय चन्द्र करिहार चौकी प्रभारी नौडिहवा, रमेश साकेत, फूल सिंह, धीरेन्द्र पटेल, सहजानंद सिंह, राजेश मिश्रा, राजा एवं सायबर सेल सिंगरौली की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## एनपीएल आयोजन के पांचवें दिन का आयोजन

# पुलिस इलेवन सिंगरौली टीम ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

**सिंगरौली।** नौगढ़ के मधुवन बाग स्टेडियम में स्व. रामलला बैस स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के 25 वें सत्र का पांचवें दिन का खेल संपन्न हुआ जिसका पहला मुकाबला पुलिस इलेवन सिंगरौली और शूटर इलेवन धरसना के बीच खेला गया जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस इलेवन सिंगरौली ने निर्धारित 10 ओवर में 186 रन बनाए जिसके जवाब में शूटर इलेवन धरसना 123 रन बनाए । पुलिस टीम ने इस मैच को 63 रनों से जीत लिया, जिसके मैन ऑफ़ द मैच विश्वजीत सिंह रहे।

दूसरा मुकाबला वैश्य इलेवन बलियरी और नोढीया पैंथर्स के बीच खेला गया जिसमे नौड़िया पैंथर्स ने 10 ओवर में विशाल



स्कोर 157 रन बनाए जिसमें जवाब मे वैश्य इलेवन बलियरी ने शानदार प्रदर्शन किया एक रोमांचक मैच खेलकर दर्शकों का दिल जीत लिया लेकिन नौड़िया पैंथर्स ने मैच को बोनस ओवर की मदद से 11 रनों से जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच सुरज गुप्ता रहेदोनों मैच के विजेताओं के बीच तीसरा मुकाबला खेला गया जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस इलेवन सिंगरौली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 115 रन बनाए जिसके जवाब में नौढीया पैंथर्स ने बहुत टक्कर दी अंतिम ओवर में बोनस ओवर के बावजूद भी 12 रन नहीं बना पाई। इस मैच के मैन ऑफ द मैच दीपेश बैस रहे। जिनके चलते पुलिस की टीम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश की आयोजन के दौरान एनपीएल आयोजन समिति के प्रमुख आयोजक इंजीनियर आशीष शुक्ला का जन्मदिन सभी क्रिकेट प्रेमियों के बीच मनाया गया और शुभकामनाएं प्रेषित की गई।एनपीएल आयोजन के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम सिंगरौली स्वच्छता विभाग के आईईसी मैनेजर आशीष शुक्ला , अमन बारी पुलिस विभाग, वार्ड पार्षद रामगोपाल पाल, राकेश सिंह पुलिस विभाग, नागेंद्र सिंह , लेखचंद्र डोहर पुलिस विभाग, संजय सोनी इत्यादि उपस्थित रहे।आयोजन कमेटी के कमेंटेटर आनंद बैस ,संजय खैरवार ,दिलमोहन कहार एवं अजय सोनी ,राजेंद्र साकेत ने सहयोग किया, लाइव स्ट्रीमिंग में आकाश विश्वकर्मा, संजय वैश्य ने किया ,वही स्कोरर की भूमिका अनिल साकेत और निर्णायक की भूमिका में बिपिन मिश्रा, संजय बैस,शंकरदयाल बैस , राजेंद्र बैस सहित प्रमुख आयोजनकर्ता संजय बैस,आशीष शुक्ला,विपिन मिश्रा, इतजोगी बैस, अखिलेश सिंह बैस,शंकर बैस, रामसागर बैस, राहुल साकेत, राजेंद्र बैस, आकाश विश्वकर्मा, प्रीतम बैस, नीरज शर्मा, राजेश बैंस, लवकुश नापित, अजीत नापित सहित एनसीसी कमेटी के सभी सदस्य एवं ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी रही।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 120 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश



**सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 120 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अभियान के तहत शिविरों के कुशल आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने केन्द्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित करने तथा उन्हें पात्रतानुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने शिविरों में प्राप्त समस्त आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करने तथा निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को अभियान की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।

जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

## जनपद सदस्य जया जीत सिंह ने किया नि:शुक्ल सायकल वितरण



**सीधी।** आज दिनांक 07 जनवरी शासकीय कन्या उच्च.माध्य. विद्यालय-गाड़ा में कक्षा 6वी शिक्षा सत्र 2024-25 के मेघावी छात्र/ छात्राओं को जनपद सदस्य जया जीत सिंह के मुख्यातिथ्य में उन्ही के करकमलों द्वारा नि:शुक्ल सायकल का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य पंचराज सिंह पार्वती राजबली सिंह, रीतू पुष्पराज सिंह, नीतू राजेश सिंह, प्रधानाध्यापक, सुखधाम सिंह ,प्रदीप सिंह, रामसुमन द्विवेदी, श्रीमती उर्मिला पटेल. स्वाति द्विवेदी, सतीश सिंह, वीरेन्द्र द्विवेदी, रुद्र प्रताप सिंह, अतिथि शिक्षक सहित छात्र छात्राये ग्राम गाड़ा के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# सांसद ने किया रेलवे के प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण

### इसी वर्ष रेल सीधी तक पहुंचाने के प्रयास होंगे : सांसद



**सीधी।** सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा मंगलवार को ललितपुर सिंगरौली रेल परियोजना के अंतर्गत बघवार, रामपुर, चुरहट व अन्य प्रस्तावित रेलवे स्टेशनों सहित प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यों की प्रगति को बढ़ाने तथा वर्ष 2025 तक जिले में रेलवे लाइन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

सांसद डॉ मिश्रा ने कहा कि सीधी जिले वासियों का सीधी में रेल होने का सपना इसी वर्ष पूर्ण हो ऐसी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव एवं सरकार की मंशा है। उन्होंने कहा कि आज रेलवे के इंजन का ट्रायल सीधी की सीमा में सफलतापूर्वक किया जा चुका है। पटरी बिछाने का कार्य चुरहट तक लगभग पूर्ण हो चुका है। बड़े ओवर ब्रिज एवं पुलों का निर्माण तीव्र गति से हो रहा है। सोन नदी के ब्रिज का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी प्रकार से रेलवे स्टेशनों के भी कार्य लगभग पूर्ण हो गए हैं या पूर्णता की ओर हैं। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि मेरी यह कोशिश है कि इसी वर्ष रेल सीधी में पहुंचे और निश्चित रूप से रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी इस कार्य को पूर्ण करने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहे हैं।

इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी चुरहट शैलेश द्विवेदी, रेलवे के डिप्टी सी ई राजेश खरे, संजय पाठक, अमन सेठ, गिरधर मीना, कुलदीप शर्मा, डॉ देवेंद्र त्रिपाठी सहित प्रशासन एवं रेलवे के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि बढ़ाई गई

### किसान 10 जनवरी तक करा सकेंगे अपनी फसलों का बीमा

**सीधी।** शासन ने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि को 10 जनवरी 2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। निश्चिय ही इस निर्णय से किसानों को राहत मिलेगी और वह अधिक संख्या में योजना का लाभ लें पायेंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से यदि किसानों की फसल खराब होती है तो इस स्थिति में फसल को होने वाले नुकसान की छतिपूर्ति की जाती है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत समस्त ऋणी व अऋणी किसान 10 जनवरी तक फसलों का बीमा करा सकते हैं। पहले इसके लिए अन्तिम तिथि 31 दिसंबर 2024 निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 10 जनवरी 2025 तक कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पटवारी हल्का स्तर पर गेहूं सिंचित के लिए प्रीमियम राशि 626.77 रु. प्रति हेक्टेयर, गेहूं असिंचित के लिए 465.55 रुपये प्रतिहेक्टेयर, चना के लिए 448.75 रुपये प्रति हेक्टेयर, सरसों के लिए 468.66 रु प्रति हेक्टेयर, तहसील स्तर पर अलसी के लिए 408.55 रुपये प्रति हेक्टेयर पर, जिला स्तर की फसल पर मसूर के लिए 450 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि है जो कि बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल बीमा करवाने की अन्तिम तिथि 10 जनवरी 2025 है। अऋणी कृषक (अल्पकालिक फसल ऋण न लेने वाले कृषक) अपनी फसलों का बीमा अपनी नजदीकी बैंक/शाखा जहाँ कृषक का बैंक खाता है, के माध्यम से नजदीकी सी.एस.सी सेन्टर के द्वारा करा सकते हैं या फिर क्राप इंश्योरेंस एप को किसान भाई गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर स्वयं भी कर सकते हैं।

## 09 जनवरी को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सीधी।** अधीक्षक अभियंता (संचा-संधा) म.प्र. पू.क्षे. वि.वि.कं. लिमि. ने जानकारी देकर बताया है कि 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कोठिया में रेल्वे लाइन के निर्माण हेतु विद्युत लाइन शिफ्टिंग कराने हेतु दिनांक 09.01.2025 को दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेंगे। उन्होने बताया कि दिनांक 09 जनवरी 2025 को 33 के.व्ही. कोठिया से चुरहट-मवई फीडर से संबंधित सभी गाँव में विद्युत बंद रहेंगी। कार्य की अधिकता के आधार पर समय को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

# सचिव सामान्य प्रशासन विभाग श्री अनिल सुचारी ने किया छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण



**सीधी।** रीवा संभाग के छात्रावासों के राज्य स्तरीय निरीक्षण कर्ता अधिकारी श्री अनिल सुचारी सचिव सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अनु जनजाति सामान्य सीनियर बालक छात्रावास सीधी का निरीक्षण किया गया। श्री सुचारी द्वारा छात्रों का भोजनालय, शयन कक्ष, शौचालय, छात्रावास अधीक्षक कक्ष, स्टोर रूम, छात्रावास का भौतिक वातावरण, छात्रावास के अभिलेख आदि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने छात्रावास की पुताई, छात्रावास की प्रबंध व्यवस्था, छात्रावास का सुसज्जित वातावरण, अभिलेखों का संधारण आदि देख कर प्रसन्नता व्यक्त की तथा सहायक आयुक्त को निर्देशित किया कि इसी तरह की व्यवस्था सभी छात्रावासों में होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने छात्रों से चर्चा की और छात्रों को मिलने वाली छात्र हितकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान श्री सुचारी द्वारा छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने तथा शासन द्वारा निर्धारित समस्त सुविधाएं छात्रों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही उक्त छात्रावास में डायनिंग टेबिल की व्यवस्था किये जाने का निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के समय उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास श्री नीलेश शर्मा, सहायक आयुक्त डॉ. डी के द्विवेदी, अधीक्षक रामरक्षा पनिका आदि उपस्थित थे।

## शौंचालय में जड़ा है ताला, लोगों को नहीं मिल रही सुविधा

**सिहावल।** जनपद सिहावल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तहसील सिहावल मुख्यालय में जहां सरकार के द्वारा लाखों रुपए का सर्वाधिक शौचालय बनाया गया है और पूरे क्षेत्र की जनता तहसील और जनपद में और स्वास्थ्य विभाग तहसीलदार पटवारी आर आई और आम जनता महिला बाल विकास क्या विभिन्न अधिकारी कर्मचारी आते हैं। आम जनता भी जाती है मगर जिस तरह से लाखों रुपए का शौचालय बनाकर सिर्फ तालों में कैद हुआ है और खराब भी हो रहे हैं। ऐसे में साफ समझ में आता है। एक तरफ सरकार स्वच्छ भारत अभियान चलाती है और यहां शौचालय मुख्यालय में अगर कोई गया है तो लोगों को सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

# जीवन में सत्य और समर्पण आवश्यक है : पं बाला व्यंकटेश



**सीधी।** रामकथा के व्यासपीठ पर विराजमान कथा प्रवक्ता पं बालाव्यंकटेश महराज वृन्दावनोपासक का श्रीकृष्ण रसामृत समिति पूजापार्क सीधी के संरक्षक सुरेन्द्र सिंह बोरा,अध्यक्ष श्रीमती कुमुदिनी सिंह पार्षद,सचिव डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस साहित्यकार, बरिष्ठ अधिवक्ता लालमणि सिंह चौहान,कवि अंजनीसिह सौरभ, डॉ रामसुशील शुक्ल, प्रहलाद प्रसाद गुप्त, आचार्य बृजमोहन ब्रजेश आदि ने माल्यार्पण से स्वागत अभिनन्दन किया।आचार्यजनों ने विधवत मंत्रोच्चारण के साथ व्यासपीठ का पूजा अर्चन कराया तथा मंचासीन संगीतज्ञों ने भजनों से आयोजन को रोचक बनाया।आज के प्रसंग में महराज जी ने चौपाई सुनाई कि राम देत नहि बनत गोंसाई। विश्वामित्र महराज से दशरथ जी ने कहा कि और कुछ मॉग लीजिए लेकिन रामदेते नही बनता है। दशरथ जी ने यह नही कहा कि मैं राम को न दूँगा वल्कि निवेदित भाषा में कहा कि राम देते नही बनते।आखिर दशरथजी ने क्यों ऐसा कहा।इसका मूल कारण महराज जी ने सुस्पष्ट किया कि रघुवंशी एक बार जिसका दान कर देते हैं वे दुवारा उसका दान नही करते।भाव यह कि जब रथ की कील निकल गई थी उससमय जटाऊ ने पीठ लगा दिया था और उसी समय दशरथ जी ने राम का दान कर दिया था। इस रोचक प्रसंग को और अधिक प्रामाणिक बनाते हुए एक भजन सुनाया कि राघव को मैं न दूँगा मुनिराज मरते - मरते। जब गुरु वशिष्ठ ने दशरथ जी को समझाया और वे यह कहकर स्वीकार कर लिए कि गुरु आज्ञा गरीयसी। वनगवन जाते समय जब राम लखन अपनी मॉं कौशिल्या जी से मिलने आये तब कौशिल्या जी ने सहर्ष सहमति दे दी वन जाने के लिए। कौशल्या जी ने वनगवन जाने से इसलिए नही रोका क्योकि उनको शंकर प्रसाद ज्योतिषी की घोषणा स्मरण आगई । अगले प्रसंग में व्यास बालाव्यंकटेश जी ने बताया कि राजसी तथा तामसी यज्ञ से नही वल्कि सात्विक यज्ञ से ही विश्वामित्र महराज का अनुष्ठान पूरा हुआ है।उन्होंने कहा कि शरद पूर्णिमा शुक्ल पक्षकी तिथि में ही राम से सीता जी का मिलन पहली बार पुष्प बाटिका में हुआ है। और आगे महराज जी ने यह भी बताया कि वाटिका में राम और सीता को मिलाने वाले पॉंच पक्षी हैं जिनका उल्लेख बाबा तुलसीदास जी रामचरित मानस में किया है। वे पक्षी क्रमश: चातक कोकिल कीर चकोरा, और मोर हैं। बाल्मीकी भागवत का उद्धरण देते हुए व्यास बालाव्यंकटेश महराज ने बताया कि राम लक्ष्मण बिना बुलाये जनक जी के धनुषयज्ञ में नही गये थे वल्कि विश्वामित्र को प्रेषित पत्र में जनक ने विशेष रूप से आमंत्रित किया था। महराज जनक जी ने स्पष्ट रूप से लिखा था कि आप धनुषयज्ञ में दोनों राजकुमारों के साथ पधारिए क्योंकि आपके साथ जो युवराज हैं वे बहुत ही पौरुषवान और पराक्रमी हैं।

# आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**सीधी।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष आनंद मंगल सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सर्वविदित है की मध्यप्रदेश का परिवहन विभाग सम्पूर्ण देश में 46 परिवहन चेकपोस्टों पर खुलेआम हो रहे भ्रस्टाचार के कारण कुख्यात है और इस सम्बन्ध में आम आदमी पार्टी तथ्यात्मक साक्ष्य विडिओ सहित केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी को 2013 से निरंतर प्रेषित कर रही है और इसके कारण गडकरीजी ने कई पत्र प्रेषित कर मध्यप्रदेश सरकार को चेकपोस्ट बंद करने के लिखित निर्देश दिए लेकिन उच्च राजनैतिक एवं प्रशासनिक संरक्षण के कारण प्रदेश में यह अवैध कारोबार परिवहन माफिया के संरक्षण में निरंतर चलता रहा और जिसकी प्रमाणिकता भी सामने आई आम आदमी पार्टी जिस भ्रस्टाचार के खिलाफ संगर्ष कर रही थी उसमे वर्तमान में मध्यप्रदेश के भोपाल जब्ती कांड में प्रमुखता से परिवहन विभाग के अधिकारियो कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आई और परिवहन विभाग के एक हवलदार के यंहा से 54 किलो सोना , ढाई किवंटल चांदी , करोड़ो रुपयों की सम्पतिया और करोड़ो रूपये नकद में बरामद हुए। यह तो मात्र एक नमूना है इससे कई गुना सम्पतिया प्रदेश के परिवहन विभाग के 31 वर्ष की सीबीआई ,ईडी एवं एसआईटी से त्रिस्तरीय निष्पक्ष जांच करवाने पर उजागर होंगी और प्रदेश का समस्त कर्जा इस जब्त सम्पत्ति से ही शून्य हो जाएगा और प्रदेश का नागरिक सरकारी कर्जे से मुक्त हो जावेंगा। परिवहन विभाग के भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति जी के नाम ज्ञापन सौंप कर हम निम्न मांग की है।

# जिला अधिवक्ता संघ द्वारा नव वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित



**सीधी।** जिला अधिवक्ता संघ सीधी द्वारा नव वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किया गया जिसमें नवागत प्रधान न्यायाधीश पी0एल0 दिनकर के मुख्य अतिथि में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में भव्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि पी0एल0 दिनकर का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह ने सभी को नव वर्ष की शुभकामना देते हुए मंगलकामना की और कहा श्री पी0एल0 दिनकर साहब इसके पूर्व में भी प्रथम जिला न्यायाधीश भी रह चुके हैं, और पदोन्नति होकर प्रधान जिला न्यायाधीश के रूप में सीधी में दिनांक-01.01.2025 को पदस्थ हुए हैं, जिनका अधिवक्ता संघ स्वागत, वंदन अभिनंदन करता है। बृजेन्द्र सिंह ने संघ के सभागार मे पी0एल0 दिनकर साहब से यह आग्रह किया कि वर्तमान न्यायालय परिषर में न्यायालय का निर्माण प्रस्तावित किया जाय एवं उसका भूमि पूजन मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्याधिपति से कराया जाय जिस पर अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। नए प्रधान जिला न्यायाधीश पी0एल0 दिनकर ने कहा कि वार एवं बेंच गाड़ी के दो पहिए हैं, दोनों को समान रूप से चलना होता है, दिनकर साहब ने जोर दिया कि लंबित पुराने प्रकरणों का निराकरण और अधिवक्ताओं से अपेक्षा की कि न्यायालयों का सहयोग करें और संघ के प्रस्ताव का पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। संघ के प्रस्ताव का आवश्यकता के अनुसार प्रयास किये जाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मुकेश कुमार, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश राजेश कुमार श्रीवास्तव, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश गौतम कुमार गुजरे, विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव वीरेन्द्र जोशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लक्ष्मण डोडवे, न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनू जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट शोभना मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार साहू, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेणू श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट मृदुल लटोरिया उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई होलकर का जीवन प्रत्येक के लिए अनुकरणीय : डॉ प्रवीण

### अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित नाटक को देखकर दर्शकों की आंखें हुई नम, जबरदस्त लूटी बाहबाही

**सीधी**



संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश एवं विश्व मांगल्य सभा के संयुक्त तत्वाधान में पुण्य श्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रि जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर विश्व मांग्ल्य सभा द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर के संपूर्ण जीवन पर आधारित नाटक का मंचन स्थानीय सम्राट चौक पार्किंग में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री प्रज्ञा त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य, क्षेत्रीय संगठन मंत्री पूजा पाठक एवं विश्व मांगल्य सभा की प्रांत संयोजिका डॉक्टर प्रवीण शरदेन्दु तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। विशिष्ट रूप से निर्देशक सुबोध सर्जिकर नागपुर, निकिता शिरसाट राष्ट्रीय समन्वयक राष्ट्र समर्था रही।

अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यक्रम की संयोजक और विश्व मांग्ल्य सभा की प्रदेश संयोजक डॉ प्रवीण शरदेन्दु तिवारी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कुछ ही पलों में मानचित्र किया जाने वाला नाटक आपको सजीवता की ओर ले जाएगा। यह नाटक केवल नाटक कौशल ही नहीं बल्कि भारत की महानता और उच्च जीवन मूल्य पर आधारित है।

प्रदेश संयोजक श्रीमती डॉ तिवारी ने कहा कि विश्व मांगल्य सभा संस्कार, सामर्थ, सदाचार और सेवा के लिए निरंतर भारत माता की सेवा के लिए अनेक प्रकार के प्रकल्प और कार्यक्रमों के माध्यम से जनता जनार्दन की सेवा कर रही है। लगभग 2 घंटे से अधिक की नाट्य प्रस्तुति आपको जहां एक और भाव विभोर करेगी वहीं दूसरी ओर जोश और उत्साह भी पैदा करेगी। विश्व मांग्ल्य सभा द्वारा भारत के विभिन्न 51 शहरों में नागपुर के विशिष्ट 45 कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की जा रही है। नाट्य मंचन सीधी जिले वासियों के लिए कल्याणकारी एवं देवी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व से प्रेरणा प्रदान करने वाला होगा। आयोजक डॉक्टर श्रीमती डॉक्टर तिवारी ने सभी अतिथियों एवं गणमान्य नागरिको और कला प्रेमियों का अभिनंदन किया।

विश्व मांगल्य सभा की क्षेत्रीय संगठन मंत्री पूजा पाठक ने नाट्य मंचन के पूर्व संबोधित करते हुए कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर की जीवन गाथा, बाल्यकाल से लेकर तत्कालीन राजाओं के रण क्षेत्र में लोहा मनवाने का इतिहास कुछ ही पलों में नाट्य मंचन के माध्यम से आपको देखने समझने को मिलेगा। इस नाटक का पहला मंचन काशी के नमो घाट से प्रारंभ होकर आज द्वितीय मंचन बाणभट्ट की नगरी सीधी में हो रहा है। त्रि शताब्दी समारोह का समापन मालवा प्रांत के महेश्वर में 6 फरवरी को संपन्न होगा।

सती प्रथा के प्रसंग एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर की न्याय प्रियता को देखकर कुछ फलों के लिए दर्शकों की आंखें नम हो गई। लेखक डॉ वृषाली जोशी नागपुर है। स्थानीय सम्राट चौक पार्किंग में देवी अहिल्याबाई होलकर की जीवन गाथा पर आधारित नाटक का दर्शकों ने कड़ कराती ठंड के बीच जबरदस्त आनंद उठाया।

## संपादकीय

### इतिहास का सबसे बुरा विमान हादसा

दक्षिण कोरिया में हुए विमान हादसे से एक बार फिर यही रेखांकित हुआ है कि तकनीकी मामलों में मानवीय स्तर पर हुई मामूली चूक भी एक बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है। वहां रविवार को मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरते वक्त एक विमान हादसे का शिकार हो गया और उसमें आग लग गई। जेजू एअर का यह विमान बैंकाक से दक्षिण कोरिया वापस आ रहा था और इसमें चालक दल के छह सदस्यों सहित कुल एक सौ इक्यासी लोग सवार थे। इनमें एक सौ उन्यासी लोगों की जान चली गई और मलबे में फंसे चालक दल के सिर्फ दो सदस्यों को जिंदा निकाला जा सका। अब तक हादसे के कारणों की जांच चल रही है। असली वजह बाद में ही सामने आएगी, लेकिन अब तक आ सकी खबरों के मुताबिक संभवतः मौसम खराब होने और किसी पक्षी के टकराने से उतरने की प्रक्रिया में विमान ने संतुलन खो दिया और हवाईपट्टी से फिसल कर दीवार से जा टकराया। कारण जो हो, आपात स्थिति से सही तरीके से निपट पाने में प्रबंधकीय चूक की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। हालांकि दक्षिण कोरिया की विमान सेवाओं को दुनिया की सबसे सुरक्षित सेवाओं में माना जाता है, मगर मुआन में हुई दुर्घटना को वहां के इतिहास के सबसे बुरे हादसों में से एक बताया जा रहा है। यह साफ है कि बहुत कुछ अचानक पैदा हुई परिस्थितियों पर निर्भर करता है। इसका सामना करने में संपूर्ण कौशल ही यह सुनिश्चित करता है कि किसी विमान सेवा के सुरक्षित होने का स्तर क्या है। पिछले कुछ समय में लगातार ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें किसी तकनीकी गड़बड़ी की वजह से कोई विमान हादसे का शिकार हो गया या फिर उसे आपात स्थिति में उतारा गया। ऐसी घटनाओं को हादसे के रूप में दर्ज किया जाता है, जबकि विमान सेवा में सबसे जरूरी पहलू यही है कि उसमें हर स्तर पर, सौ फीसद सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने के बाद ही किसी विमान को यात्रियों को अपने गंतव्य पर ले जाने की इजाजत होनी चाहिए। मुआन हवाईअड्डे पर हुए हादसे ने एक फिर सावधानी और सुरक्षा के तकाजों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत रेखांकित की है।

**योगी सरकार ने बुंदेलखंड के कायाकल्प की एक और पहल की है। इस पहल के तहत सरकार झांसी एवं जालौन को जोड़ने वाले एक और लिंक एक्सप्रेसवे बनाएगी। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे से जोड़ने की पहल सरकार पहले ही कर चुकी है। साल 2024 के जाते झांसी-जालौन लिंक एक्सप्रेसवे की सौगात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संकल्पना के अनुसार बुंदेलखंड के कायाकल्प का एक और जरिया बनेगी। झांसी-जालौन लिंक एक्सप्रेसवे की लंबाई करीब 115 किलोमीटर होगी। इससे डिफेंस कॉरिडोर का औद्योगिक इको सिस्टम और बूस्ट करेगा। साथ ही सरकार द्वारा झांसी और कानपुर के बीच नोएडा से भी बड़ा, झांसी के 33 गांवों को मिलाकर 36 हजार एकड़ में बनने वाले औद्योगिक शहर में भी निवेशकों का आकर्षण बढ़ेगा। इसके लिए सरकार बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के गठन का काम भी शुरू कर चुकी है।**

# डिफेंस कॉरिडोर, बीडा और फार्मा पार्क के जरिये बुंदेलखंड बन जाएगा इंडस्ट्रीज का हब

(संदीप राजपूत)

उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड और पूर्वांचल विकास की दौड़ में पीछे रह गए थे। इन दोनों क्षेत्रों का विकास योगी सरकार की प्राथमिकता है। इन दोनों क्षेत्रों के औद्योगिक विकास के लिए सरकार ने विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन नीति लागू कर रखी है।

योगी सरकार ने बुंदेलखंड के कायाकल्प की एक और पहल की है। इस पहल के तहत सरकार झांसी एवं जालौन को जोड़ने वाले एक और लिंक एक्सप्रेसवे बनाएगी। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे से जोड़ने की पहल सरकार पहले ही कर चुकी है। साल 2024 के जाते झांसी-जालौन लिंक एक्सप्रेसवे की सौगात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संकल्पना के अनुसार बुंदेलखंड के कायाकल्प का एक और जरिया बनेगी।

झांसी-जालौन लिंक एक्सप्रेसवे की लंबाई करीब 115 किलोमीटर होगी। इससे डिफेंस कॉरिडोर का औद्योगिक इको सिस्टम और बूस्ट करेगा। साथ ही सरकार द्वारा झांसी और कानपुर के बीच नोएडा से भी बड़ा, झांसी के 33 गांवों को मिलाकर 36 हजार एकड़ में बनने वाले औद्योगिक शहर में भी निवेशकों का आकर्षण बढ़ेगा। इसके लिए सरकार बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के गठन का काम भी शुरू कर चुकी है। इन सबका लाभ सीधी और स्पीडी कनेक्टिविटी मिलने से लखनऊ, कानपुर, आगरा, चित्रकूट और झांसी के डिफेंस कॉरिडोर के नोड को मिलेगा। इसी तरह 15.2 किलोमीटर वाले चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जुड़ जाने के बाद चित्रकूट के पर्यटन और इस नोड में स्थापित होने वाली




डिफेंस कॉरिडोर की इकाइयों को भी खासा फायदा मिलेगा। मालूम हो कि चित्रकूट ही वह क्षेत्र है जहां वनवास के दौरान भगवान श्रीराम ने सीता और लक्ष्मण सहित सर्वाधिक समय गुजारा था। यहीं भरत उनको मनाने भी आए थे। ऐसे में इसका अच्छा खासा धार्मिक महत्व है। भगवान श्रीराम से जुड़े स्थलों को देखने बड़ी संख्या में यहां श्रद्धालु आते हैं। सरकार चित्रकूट के विकास के साथ इसे एयरपोर्ट से भी जोड़ चुकी। अब सड़क कनेक्टिविटी ठीक होने से चित्रकूट में पर्यटकों की आवाजाही और बढ़ेगी। इसका भी लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा।

सुदृढ़ कनेक्टिविटी से ललितपुर में दो चरणों में करीब 1500 एकड़ में बन रहे फार्मा पार्क में भी औद्योगिक माहौल तेजी से बनेगा। इस पर तो तेजी से काम भी शुरू हो चुका है। इस बाबत जिन गांवों की जमीनों को चिन्हित किया गया था उनमें से करीब 70 फीसद का अधिग्रहण हो चुका है।

करीब 1300 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला झांसी-जालौन लिंक एक्सप्रेसवे शुरू में चार लेन का होगा। भविष्य में इसे छह लेन तक विकसित किया जा सकेगा। इसमें जमीन अधिग्रहण की ही अनुमानित लागत 228 करोड़ रुपये है। सरकार इस बाबत दो किश्तों में 220 करोड़ रुपये मंजूर भी कर चुकी है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड और पूर्वांचल विकास की दौड़ में पीछे रह गए थे। इन दोनों क्षेत्रों का विकास योगी सरकार की प्राथमिकता है। इन दोनों क्षेत्रों के औद्योगिक विकास के लिए सरकार ने विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन नीति लागू कर रखी है। इसी नाते हर योजना में जरूरत के अनुसार सरकार इन दोनों क्षेत्रों को तरजीह देती है। मसलन खेतीबाड़ी के लिए यूपी एग्रीज योजना में भी बुंदेलखंड एवं पूर्वांचल के जिले ही शामिल हैं। बुंदेखंड सोलर एनर्जी का भी हब बन रहा है। बांदा में अवाडा इंडा कंपनी द्वारा स्थापित सोलर पार्क में बिजली उत्पादन शुरू हो चुका है। झांसी, ललितपुर, चित्रकूट और जालौन में भी योगी सरकार सोलर पार्क विकसित कर रही है। इससे बिजली तो मिलेगी ही, स्थानीय स्तर पर रोजगार के मौके भी मिलेगा।

उद्योगों के अलावा बुंदेलखंड के पिछड़ेपन और इस वजह से होने वाले पलायन की समस्या की बड़ी वजह रही है पानी की कमी। सरकार लगातार खेतों और लोगों की प्यास बुझाने के लिए काम कर रही है। अर्जुन सहायक नहर जैसी बड़ी परियोजना पूरी करने के साथ इस सरकार ने करीब 5 से 6 दर्जन छोटी और मझोली परियोजनाओं को पूरा किया। केन बेतवा लिंक, जिसका हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिलान्यास किया, वह भविष्य में बुंदेलखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। सिर्फ यूपी के लिए ही नहीं मध्यप्रदेश के लिए भी।

# एक-दो नहीं चार बड़े कारण... जिनके चलते ऑस्ट्रेलिया से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी हारा भारत

(अंशुल तलमले)

ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें और आखिरी टेस्ट के तीसरे दिन भारत को छह विकेट से हराकर पांच मैच की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से जीत ली और साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी जगह बना ली। इसी के साथ भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया।

भारत के 162 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट खोकर सिडनी टेस्ट में जीत हासिल की। ?ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से जीतकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई। भारत पर्थ में खेला गया पांच मैच की सीरीज का पहला मैच ही जीतने में कामयाब रहा। पिंक बॉल से खेला गया दूसरा टेस्ट जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने 1-1 से बराबरी कर ली। ब्रिसबेन में खेला गया तीसरा टेस्ट बारिश के चलते ड्रॉ हुआ तो मेलबर्न में खेला गया, चौथा मैच कंगारुओं ने जीता। सीरीज में 1-2 से पिछड़ने के बाद भारत को हर हाल में आखिरी मैच जीतना था, जो हो न सका। चलिए ऐसे में समझते हैं वो तीन कारण, जिनके चलते भारत ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी गंवा दी।



**बर्बाद बैटिंग ऑर्डर-** भारतीय टीम इस सीरीज की छह पूर्ण पारियों में 200 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाई इसलिए यह बताने की जरूरत नहीं है कि दौरे में क्या गलत हुआ। पहले टेस्ट की दूसरी पारी को छोड़कर, भारतीय बल्लेबाजी शायद ही कभी रंग में नजर आए। भारतीय बल्लेबाजी ने नौ पारियों में से केवल एक बार 300 रन का आंकड़ा पार किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला में तीन बार 300 रन का आंकड़ा पार किया। पहली बार ऑस्ट्रेलिया गए यशस्वी जायसवाल (391) और नीतीश कुमार रेड्डी (298 रन) टॉप स्कोरर थे।

**अजीबोगरीब टीम सिलेक्शन-** भारत पहले टेस्ट में तीन स्पेशलिस्ट सीमर्स और दो ऑलराउंडरों के साथ उतरा, फिर इसी फॉर्मूले को हर मैच में दोहराता चला गया। पर्थ में खेले गए पहले मैच में भारत ने 295 रन से बड़ी जीत दर्ज की, लेकिन जैसे-जैसे श्रृंखला आगे बढ़ी, भारत को बहुत सारे बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पहले मैच से बाहर रहे कप्तान रोहित शर्मा को अगले मैच की प्लेइंल इलेवन में फिट करना पड़ा। बाद में वही टीम के लिए बोझ बन गए। टॉप ऑर्डर अव्यवस्थित रहा। केएल राहुल की फॉर्म खराब हो गई। इसके अलावा, नाजुक बल्लेबाजी लाइनअप ने एक स्पेशलिस्ट सीमर की जगह नहीं बनने दी।

**आउट ऑफ फॉर्म विराट-रोहित-** नियमित कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली तकनीकी समस्याओं के कारण पूरे सेशन में एक अदद अच्छी पारी के लिए जूझते रहे। रोहित छह पारियों में 31 रन ही बना पाए तो विराट ने नौ पारियों में 190 रन बनाए, जिसमें एक शतक भी शामिल था। रोहित और कोहली की खराब फॉर्म को लेकर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि दोनों दिग्गजों के लिए अपनी बल्लेबाजी में आई गिरावट को रोकना मुश्किल होता जा रहा है। कोहली और रोहित पर कड़े फैसले का इंतजार है।

**अकेले लड़ते रहे जसप्रीत बुमराह-** जसप्रीत बुमराह ने सीरीज में 32 विकेट लेकर किसी एक विदेशी दौरे में सबसे ज्यादा शिकार करने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दाएं हाथ के पेसर को प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। मगर बुमराह अकेले लड़ते रहे, उन्होंने दूसरे एंड से किसी का साथ नहीं मिला। बुमराह की अनुपस्थिति ने दिखाया कि भारत को श्रृंखला के आखिरी दिन किस चीज की कमी खली, फिर भले ही ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी रहा हो। जैसा कि ग्लेन मैकग्रा ने कहा कि अगर बुमराह ने 32 विकेट नहीं लिए होते तो भारत की हार का अंतर और ज्यादा होता।

## वर्ग पहेली 5606



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री जिनका जन्म दिवस 20 अगस्त 1944 है (5)
5. बेबाक, चुकता किया हुआ (2)
7. यत्न का अपभ्रंश (3)
8. इस्लामी नवां महीना जिसमें मुस्लिम दिन भर रोजा रखते है (4)
9. अवाम, पब्लिक, सर्वसाधारण (3)
11. नया, नवीन, नूतन (2)
12. एक प्रकार के देवता जो कुबेर के सेवक और उसकी निधि के रक्षक कहे गए है (2)
15. इज्जत, प्रतिष्ठा, इस्मत (3)
17. काव्यमर्मज्ञ, रसपान रखने वाला (3)
19. समेत, संग-संग, समाविष्ठ, संयुक्त (3)
21. गंधा बिरोजा, पायस, लक्ष्मीवेस्ट (4)
23. दार्शनिक प्रणाली, वोट, राय (2)
24. पानी के साथ निचोड़ना या घिसना, गलाना (3)

**ऊपर से नीचे**

1. शासकीय, राज्यीय (4)
2. फतह, विजय, यह फिल्म करीना कपूर की अभिनेत्री मां की अंतिम फिल्म थी 1972)(2)
3. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
4. धैर्य, धीरज, ढाढस (3)
5. नमाज की सूचना के शब्द जो जोर से पुकारे जाते है (3)
6. दानवों के गुरु होने के कारण शुक्राचार्य को य हभी कहते थे (5)
10. नव या नया अभ्युदल काल, आरंभिक बढ़ती का समय (4)
13. हानि, नुकसान, हर्जाना (2)
14. प्रार्थना करना (5)
16. भारत के इस राज्य का प्राचीन नाम प्राग ज्योतिषपुर था (3)
18. रविशंकर नाम इस वाद्य के साथ जुड़ा है (3)
20. भलाई, उपकार, कल्याण (2)
22. कोई तमाशा, करतब आदि दिखाकर आजीविका चलाने वाला, डिबरी, बाजीगर (2)

### वर्ग पहेली 5605 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | फ | गा | नि | स्ता | न | | खा |
| म | ल | ना | | व | र | द्दा | ता |
| ज | न | | र | क | म | | |
| द | | त | म | | पं | च | म |
| अ | क | रा | | सा | थी | | ह |
| ली | ल | ना | | र | | त | त्व |
| खां | | | | ना | या | ब | |
| | | रा | प | थ | | ला | भ |

# ईरान ने भारत से लगाई कौन सी गुहार, क्या चाबहार वाले दोस्त की मदद करेगी मोदी सरकार?

(प्रियेश मिश्र)

ईरान ने भारत से मदद की गुहार लगाई है। नए ईरानी प्रशासन ने कहा है कि वह भारत से फिर से तेल खरीदने और वीजा नियमों में ढील देने की अपील कर रहा है। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ेगा और लोगों से लोगों के संबंधों में सुधार होगा।

अमेरिकी प्रतिबंधों से प्रताड़ित ईरान ने भारत से मदद की गुहार लगाई है। ईरान ने भारत से फिर से तेल खरीदने की अपील की है। इसके अलावा उसने ईरानी नागरिकों को भारतीय वीजा पाने में ढील देने को भी कहा है। ईरान का कहना है कि इससे भारत और भारतीय नागरिकों के साथ उसकी दोस्ती गहरी होगी। हालांकि, भारत की तरफ से ईरान के इन दो प्रस्तावों पर अभी तक स्पष्ट रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। भारत के लिए मध्य पूर्व में ईरान का महत्व काफी ज्यादा है। ऐसे में भारत के सामने ईरान के प्रस्तावों पर गौर करना मजबूरी भी है

**भारत के साथ मजबूत संबंध चाहता है ईरान-** मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी के अनुसार, राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के नेतृत्व में नया ईरानी प्रशासन भारत के साथ तेल व्यापार को फिर से शुरू करने के लिए नए सिरे से प्रयास करने की योजना बना रहा है। इसके अलावा ईरान भारतीय वीजा में ढील के ज़रिए नई दिल्ली के साथ लोगों के बीच संबंधों को बढ़ाने की मांग कर रहा है। अधिकारी ने यह भी कहा कि ईरान यमन के साथ भारतीय नर्स निमिशा प्रिया का मुद्दा भी उठाएगा। निमिशा प्रिया 2017 में हुई कथित हत्या के आरोप में यमन के सना में केंद्रीय जेल में मौत की सजा का सामना कर रही है।

**भारत ने क्यों बंद किया ईरान से तेल खरीदना-** ईरान 2018 से कड़े आर्थिक प्रतिबंधों का सामना कर रहा है। पिछले डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के तहत, अमेरिका ने ईरान पर 1500 से ज्यादा प्रतिबंध लगाए हैं। नतीजतन, 2019 में, अमेरिका के दबाव में, भारत ने ईरान से कच्चा तेल खरीदना बंद कर दिया था, जिसका दोतरफा व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, 2018 में प्रतिबंध लगाए जाने से पहले हमारे भारत के साथ अच्छे आर्थिक संबंध थे। हम समझते हैं कि भारत को प्रतिबंधों का पालन क्यों करना पड़ रहा है, लेकिन व्यापार में साल-दर-साल गिरावट आ रही है, जो अच्छी बात नहीं है।

**ईरान दूसरे क्षेत्रों में तलाश रहा संभावनाएं-** अधिकारी ने यह भी कहा कि यह 'दुखद' है कि भारतीय रिफाइनरियां, जो दशकों से ईरानी तेल पर काम कर रही थीं, उन्हें दूसरे देशों से कच्चे तेल के स्रोत के साथ तालमेल बिठाना पड़ा। हालांकि, अधिकारी ने कहा कि भारत को तेल आयात फिर से शुरू करने के लिए दबाव डालने से तेहरान भारत के लिए 'कठिनाई' पैदा नहीं करेगा। अधिकारी के अनुसार, भारत और ईरान गैर-ऊर्जा क्षेत्रों, विशेष रूप से कृषि वस्तुओं में व्यापार बढ़ा सकते हैं।

अधिकारी ने कहा, हमें वीजा मुद्दों पर भारत से बात करने की जरूरत है। ईरानी भारत आना चाहते हैं। लेकिन उन्हें वीजा की जरूरत है।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज करियर के मामले में दिन परेशानी वाला हो सकता है और आपके जीवन में समस्याएं काफी बढ़ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी और उसका भी आपको मीठा फल मिलेगा। शाम के समय आपके घर में अतिथियों के आगमन से खर्च बढ़ सकता है।

**वृष**

आज दिन काफी परेशानियों वाला रहेगा और आपके जीवन में कोई नई परेशानी पैदा हो सकती है। किसी कार्य की अधिकता के कारण आपकी सेहत पर बुरा असर हो सकता है। खानपान पर विशेष नियंत्रण रखें। कला और साहित्य में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी और आपकी रुचि पैदा होगी।

**मिथुन**

आज करियर के मामले में लाभ का दिन है। आपके सभी कार्य सफलता से पूरे होंगे और आपका मूड भी सुबह से अच्छा रहेगा। सभी क्षेत्रों में बुद्धि और कौशल का प्रयोग करेंगे तो सफलता मिलेगी।

**कर्क**

आज भाग्य साथ दे रहा है और आपका दिन सफलता के साथ प्रगति से भरा होगा। बड़े बुजुर्ग को कार्यक्षेत्र में हर संभव मदद मिलेगी और आपको हर मामले में दोस्तों का साथ मिलेगा। खर्चों में कटौती करें नहीं तो कष्ट उठाना पड़ सकता है।

**सिंह**

आज करियर के मामले में दिन मिलाजुला रहेगा और आपको साहस व धैर्य से काम लेना होगा, किसी भी कार्य में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में प्रगति की बहुत संभावनाएं हैं। आपके धन में वृद्धि होगी रुके कार्य पूर्ण होंगे। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा। लेनदारियां वापस आने का समय है।

**कन्या**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि के योग हैं। राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में तनाव की स्थिति रहेगी। विद्यार्थियों को परिश्रम की आवश्यकता है। परिवार में संपत्ति को लेकर भी कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है।

**तुला**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके पराक्रम व धन में वृद्धि होगी। न्यायिक मामलों में लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के शीर्ष पर पहुंचेंगे। अचल संपत्ति के व्यापार से लाभ होगा। संतान की सफलता के समाचार से आप आनन्दित होंगे।

**वृश्चिक**

आज दिन लाभ और तरक्की से भरा होगा और आपका दिन आनंद के साथ बीतेगा। आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अच्छे अवसर मिलेंगे। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में परिश्रम, साहस की आवश्यकता है। शत्रु पक्ष कमजोर होगा।

**धनु**

आज दिन रणनीति बनाने का है। प्रतियोगिता या परीक्षा में सफलता के लिए उचित योजना बनाएं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। रात में माता को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। आपको इसके लिए काफी दौड़भाग करना पड़ सकती है और आपका कोई अपना भी आपके पीछे लगा रहेगा।

**मकर**

आज करियर में तरक्की के योग हैं और आपके सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आपको कोई जरूरी सुव्यवस्था का काम सौंप सकता है। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में नए संपर्क बनेंगे। शिक्षा क्षेत्र में विशेष प्रगति होकर समाज में सम्मान मिलेगा।

**कुंभ**

आज हर मामले में बहुत ही सावधान रहने की सलाह है। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतें। व्यय की अधिकता के कारण आज किसी से कर्जा भी लेना पड़ सकता है। पारिवारिक कार्यों में दौड़ धूप रहेगी। आप अपनी कार्यकुशलता से दूसरों को प्रभावित कर सकते हैं और आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

**मीन**

आज आय और बचत दोनों में वृद्धि देखने को मिलेगी और अच्छा लाभ होने से धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि भी बढ़ेगी। घरेलू स्तर पर पूजा पाठ आदि कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है और दोस्तों के साथ कहीं बाहर घूमने का प्लान बना सकते हैं। व्यापारियों को कल बिजनस में कुछ नया करने का मौका भी मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अंग्रेजी बोलने में टॉप पर हैं दिल्लीवाले, दूसरे नंबर पर राजस्थान : रिपोर्ट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्या आप जानते हैं कि भारत अंग्रेजी बोलने के मामले में वैश्विक औसत को पछाड़ चुका है? जी हां, पियर्सन की नई रिपोर्ट ने साबित कर दिया कि दिल्ली अंग्रेजी दक्षता में पहले स्थान पर चमक रहा है, जबकि राजस्थान भी दूसरे पायदान पर मजबूती से खड़ा है। लेकिन इसी रिपोर्ट ने देश के लेखन और कौशल में कुछ हैरान करने वाले आंकड़े भी सामने रखे हैं। सोमवार को जारी की गई पियर्सन की 'वैश्विक अंग्रेजी प्रवीणता रिपोर्ट' में भारत, फिलीपीन, जापान, मिस्र, कोलंबिया और यूरोप में अंग्रेजी दक्षता के रुझान का गहन विश्लेषण किया गया है। पियर्सन की रिपोर्ट में दुनिया भर में आयोजित लगभग 7,50,000 वर्सेंट परीक्षणों से डेटा को एकत्रित और विश्लेषित किया, जो वर्तमान कौशल स्तरों और उभरते हुए रुझानों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करता है। 'वर्सेंट' अंग्रेजी भाषा मूल्यांकन उपकरण है जो उम्मीदवारों की अंग्रेजी भाषा प्रवीणता का सटीक और कुशलतापूर्वक मूल्यांकन करता है, और व्यवसायों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सर्वोत्तम प्रतिभा को नियुक्त करने में सहायता करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का अंग्रेजी कौशल का औसत स्कोर (52) वैश्विक अंग्रेजी कौशल के औसत स्कोर (57) से कम है, लेकिन देश का अंग्रेजी बोलने का औसत स्कोर (57) वैश्विक औसत (54) से अधिक है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत का अंग्रेजी लेखन का औसत स्कोर (61) वैश्विक लेखन के औसत स्कोर (61) के बराबर है। दिल्ली सबसे अधिक अंग्रेजी बोलने के स्कोर (63) के साथ पहले स्थान पर है, उसके बाद राजस्थान (60) और पंजाब (58) का स्थान है।

### इसरो ने अंतरिक्ष में किया कमाल, लोबिया का बीज बन गया पौधा; निकल आई पत्तियां



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने सोमवार को कहा कि पीएसएलवी सी 60 पीओईएम 4 प्लेटफॉर्म' पर अंतरिक्ष में भेजे गए लोबिया के बीजों में अंकुरण के बाद पहली पत्तियां निकल आई हैं। इसरो ने कहा कि यह अंतरिक्ष में उपजा पौध अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में एक मील का पत्थर है। भारत की राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र द्वारा विकसित 'कॉम्पैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज' (सीआरओपीएस) एक स्वचालित मंच है, जिसे अंतरिक्ष के सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण वातावरण में पौधों के जीवन को विकसित करने और बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया है। इसरो ने कहा कि उसके हालिया प्रयोगों में से एक में सक्रिय तापीय प्रबंधन से सुसज्जित नियंत्रित एवं बंद वातावरण में लोबिया के बीज उगाना शामिल था। इसरो ने बताया कि इस प्रणाली ने ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर, सापेक्ष आर्द्रता, तापमान और मिट्टी की नमी सहित विभिन्न मापदंडों की निगरानी की, साथ ही पौधों की वृद्धि पर नजर रखने के लिए तस्वीरें भी लीं। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, इस प्रणाली ने अंतरिक्ष में लोबिया के अंकुरण और दो पत्ती वाली अवस्था तक विकास को सफलतापूर्वक सहायता प्रदान की। इसरो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'यह उपलब्धि न केवल अंतरिक्ष में पौधे उगाने की इसरो की क्षमता को प्रदर्शित करती है, बल्कि भविष्य के दीर्घकालिक मिशन के लिए मूल्यवान जानकारी भी प्रदान करती है।

### छत्तीसगढ़ में 19 भाजपा जिलाध्यक्षों के नाम घोषित

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव जारी है। इसके तहत बूथ और मंडल चुनाव होने के बाद जिला स्तर की इकाइयों के निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है। इसी कड़ी में प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने केंद्रीय नेतृत्व से अनुमति मिलने के बाद सोमवार को 19 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति और कर दी। भाजपा संगठन द्वारा अब तक 34 जिलों के जिलाध्यक्षों की घोषणा की जा चुकी है। दरअसल 15 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति तो 5 जनवरी को कर दी गई थी, इसके बाद सोमवार को 19 जिलों के जिला अध्यक्षों की नियुक्ति भी कर दी गई। हालांकि राजनांदगांव और कवर्धा जिले में अध्यक्षों की नियुक्ति अभी भी नहीं हो पायी है। दरअसल इन दोनों जगहों पर एक से ज्यादा दावेदार होने की वजह अध्यक्ष पद के नाम पर एक राय नहीं बन पा रही है। ऐसे में 8 या 9 जनवरी को बचे हुए नामों की घोषणा हो सकती है। बता दें कि आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को देखते हुए अधिकांश जिलों में जातिगत समीकरण बैठाने की कोशिश की गई है। ओबीसी, सामान्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। अधिकांश नगरीय निकायों में कार्यकाल खत्म होने से पहले तक कांग्रेस का कब्जा था।

# भाजपा नेता प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने उमर का वीडियो किया साझा- 'अब तो इंडी गठबंधन कहेगा हमारा सीएम हैक कर लिया'



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भाजपा के पूर्व सांसद और दिल्ली चुनावों में नई दिल्ली विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाए गए प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने एक वीडियो साझा कर विपक्षी इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा है और तंज कसा है कि उसके गठबंधन के मुख्यमंत्री भी प्रधानमंत्री मोदी के कामों के न केवल मुरीद हैं बल्कि सार्वजनिक मंच से वह खुली तारीफ कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के अन्य दलों पर तंज कसा कि अब तो इंडी गठबंधन के लोग कहेंगे कि हनमारा सीएम ही हैक कर लिया।

प्रवेश वर्मा ने जम्मू रेलवे मंडल के उद्घाटन समारोह का एक वीडियो क्लिप साझा करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अबतक तो इंडी गठबंधन वाले ईवीएम हैक के आरोप लगाते थे लेकिन अब कहेंगे की मोदी जी ने तो हमारे मुख्यमंत्री को ही हैक कर लिया। देश के विकासपुरुष आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी काम ही ऐसे करते हैं कि धुर विरोधी भी काम की प्रशंसा करे बिना नहीं रह सकते।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नए जम्मू रेलवे मंडल का उद्घाटन किया, जिस पर जम्मू-कश्मीर के नेताओं ने खुशी जाहिर की है। इसी समारोह को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला संबोधित कर रहे थे, जिसमें उन्होंने पीएम मोदी के कार्यकाल में रेलवे के क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर में हुए विकास कार्यों की सराहना कर रहे थे और प्रधानमंत्री मोदी को इसके लिए धन्यवाद दे रहे थे।

अब्दुल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर में कनेक्टिविटी को मजबूत किया है और वह इस कोशिश में लगातार जुटे हुए हैं, चाहे वह रेलवे हो या सड़क मार्ग हो। उन्होंने राज्य में बन रहे कई टनल परियोजनाओं का भी नाम गिनाया। अब्दुल्ला ने कहा, ''मैं इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के लोगों को हृदय से बधाई देता हूं। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भी इस लंबित मांग को पूरा करने के लिए बधाई देना चाहता हूं।''

नए जम्मू रेलवे मंडल के उद्घाटन से देश के सुदूर उत्तरी भाग में रेल सेवाओं के कुशल प्रबंधन का मार्ग प्रशस्त होगा। जम्मू में नए रेलवे मंडल की स्थापना के साथ कटरा से कश्मीर तक रेल सेवाओं के बहुप्रतीक्षित उद्घाटन से पहले क्षेत्र की एक लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है। कटरा से कश्मीर तक ट्रेन सेवा का अंतिम परीक्षण मंगलवार को होना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर कई रेल परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कहा, ''नए मंडल से जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ पंजाब और हिमाचल प्रदेश के कई शहरों को भी लाभ मिलेगा। साथ ही, इससे लेह-लद्दाख के लोगों को भी सुविधा मिलेगी। आज, जम्मू-कश्मीर रेल अवसंरचना में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।''

जम्मू में इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी नजर आए। उमर अब्दुल्ला के शपथ लेने के बाद यह पहली बार है जब दोनों एक साथ एक आधिकारिक मंच पर नजर आए। इस अवसर पर जम्मू के सांसद जुगल किशोर शर्मा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह भी मौजूद थे। काफी समय से लंबित मांग को पूरा करने का श्रेय मोदी को देते हुए सिन्हा ने कहा, ''प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लोगों की आकांक्षाएं समय सीमा के भीतर पूरी हो रही हैं। इसी नीति के कारण प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने सभी क्षेत्रों में प्रगति की है।''

उपराज्यपाल ने कहा, ''आज उत्तर रेलवे में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है, क्योंकि जम्मू इसका छठा मंडल बन गया है। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर विकास में नयी ऊंचाइयों को छुएगा। कश्मीर को कन्याकुमारी से रेल द्वारा जोड़ने का सपना जल्द ही पूरा होगा।'' केंद्रीय मंत्री और उधमपुर के सांसद जितेंद्र सिंह ने भी जम्मू-कश्मीर में उत्कृष्ट रेल और सड़क नेटवर्क के लिए प्रधानमंत्री को श्रेय दिया। जितेंद्र सिंह ने कहा, ''आज, प्रधानमंत्री जी ने हमारी बहुत पुरानी मांग पूरी कर दी है। इस नए साल के तोहफे के लिए हम उनके आभारी हैं। ''केंद्रीय मंत्री ने कश्मीर को जल्द ही रेल संपर्क के माध्यम से देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने की तैयारियों के बीच कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश भर में रेलवे बुनियादी ढांचे में तेजी से विस्तार हुआ है।

जम्मू में मुख्यालय वाले इस नए मंडल में पंजाब के फिरोजपुर मंडल का पुनर्गठन शामिल होगा, जो वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में रेलवे सेवाओं का प्रबंधन करता है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, जम्मू रेलवे डिवीजन के निर्माण से 742.1 किलोमीटर लंबे पठानकोट, जम्मू, उधमपुर, श्रीनगर, बारामूला, भोगपुर, सिरवाल और बटाला-पठानकोट तथा पठानकोट से जोगिन्दर नगर खंडों को महत्वपूर्ण लाभ होगा, जिससे लोगों की काफी समय से लंबित आकांक्षा पूरी होगी और भारत के अन्य हिस्सों से संपर्क में सुधार होगा।

## तमिलनाडु में भी मिले सिंधु घाटी सभ्यता जैसे निशान, 120 कलशों से खुला राज



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में प्राचीन पुरातात्विक स्थलों पर खुदाई के दौरान मिले करीब 90 प्रतिशत भित्तिचित्र चिह्न सिंधु घाटी सभ्यता के प्रतीकों से मिलते जुलते हैं। यह दावा तमिलनाडु पुरातत्व विभाग ने हालिया अध्ययन में किया है। भित्तिचित्रों के अलावा, पुरातत्वविदों को खुदाई के दौरान इंद्रगोप (कार्नेलियन) मनका, गोमेद, काले और लाल बर्तन तथा अन्य वस्तुएं भी मिलीं। विभाग के मुताबिक तुत्तुक्कुडी जिले के शिवगलाई स्थल पर खोजी गई मिट्टी से बना सूत कातने का उपकरण, धूम्रपान के लिए मिट्टी से बनी पाइप, कांच की चूड़ियां, शंख आदि सहित 700 से अधिक कलाकृतियां मिली हैं जो इस बात का संकेत देती हैं कि यह प्राचीन सभ्यता 3,200 साल से भी पहले अस्तित्व में थी। पुरातत्व स्थल पर पाए गए 120 दफन कलशों में से एक में धान का भूसा पाया गया जिसकी कार्बन डेटिंग करने पर साबित हुआ कि यह 3,200 साल पुराना है। प्रोफेसर के. राजन और तमिलनाडु पुरातत्व विभाग के संयुक्त निदेशक आर. शिवनाथन द्वारा किए गए आकृति विज्ञान संबंधी अध्ययन के तहत 140 पुरातात्विक स्थलों से प्राप्त 15,000 से अधिक भित्तिचित्र युक्त बर्तनों के टुकड़ों का डिजिटलीकरण किया गया। अनुसंधानपत्र के मुताबिक तुलनात्मक अध्ययन से पता चला है कि सिंधु घाटी सभ्यता और लौह युग की बस्तियों के बीच आदान-प्रदान हुआ होगा। लेकिन इस संबंध को निर्णायक रूप से स्थापित करने के लिए और अधिक सबूतों की आवश्यकता है।

## लड़की बहिन योजना भारी पड़ रही, किसानों की योजना के लिए फंड की कमी; मंत्री ने कबूला

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने कहा कि लाडकी बहिन योजना से राज्य के कोष पर भार पड़ रहा है और इसके कारण कृषि ऋण माफी योजना प्रभावित हो रही है। माना जाता है कि नवंबर 2024 में हुए राज्य विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति की जीत में इस योजना ने अहम भूमिका निभाई। लाडकी बहिन योजना से राज्य पर सालाना लगभग 46,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आने का अनुमान है। इस योजना को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार ने पिछले साल अगस्त में शुरू किया था जिसके तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। रविवार को पुणे में कोकाटे ने संवाददाताओं से कहा कि लाडकी बहिन योजना के कारण अतिरिक्त खर्च जुड़ने से राज्य के अधिशेष बनाने की क्षमता प्रभावित हुई। यह अधिशेष किसानों के ऋण माफ करने के लिए इस्तेमाल किया जाता। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता ने कहा, लाडकी बहिन योजना के कारण जुड़े अतिरिक्त खर्च ने कृषि ऋण माफी के लिए धन अलग रखने की हमारी क्षमता को प्रभावित किया है। हम वित्तीय स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं और एक बार राज्य की आमदनी बढ़ने के बाद, हम अगले चार से छह माह में ऋण माफी योजना पर आगे का कदम उठाएंगे।

# कभी मोदी, कभी केजरीवाल; दिल्ली के 15 पर्सेंट वोटर जिनके हाथ चुनाव का नतीजा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच घमासान मच चुका है। तीनों ही दल अपनी-जीत जीत का दावा करते हुए जनता को लुभाने की कोशिश में जुटे हैं। दिल्ली के 1.55 करोड़ मतदाताओं को यह तय करना है कि अगले पांच साल दिल्ली की सरकार कौन चलाएगा। आप, भाजपा और कांग्रेस की ओर से महिला, झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाली आबादी, मिडिल क्लास, युवा जैसे मतदाता समूह को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए एक से बढ़कर एक वादे-दावे किए जा रहे हैं। हालांकि, चुनाव की असली चाबी ऐसे 15 पर्सेंट वोटर्स के हाथ है जो कभी पीएम नरेंद्र मोदी तो कभी आप मुखिया अरविंद केजरीवाल को पसंद करते हैं। दरअसल, दिल्ली में पिछले कुछ लोकसभा और विधानसभा चुनावों के नतीजों का विश्लेषण करने से पता चलता है कि राजधानी में करीब 15 फीसदी स्विंग वोटर्स हैं। ये वोटर्स कभी ईवीएम में झाड़ू का बटन दबाते हैं तो कभी कमल का निशान इन्हें पसंद आता है। कुछ ही महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में सभी 7 सीटों पर परचम लहराने वाली भाजपा के लिए चुनौती इन्हें अपने पास रोकने की है तो आप चाहेगी कि इन्हें वह उसी तरह अपने पास खींच ले जैसे 2019 लोकसभा चुनाव के बाद अगले साल के विधानसभा चुनाव में करने में कामयाब रही थी।

**कैसे स्विंग हो रहे हैं वोटर :** पिछले विधानसभा चुनाव में आप को करीब 54 फीसदी वोटर शेयर मिला था, जबकि भाजपा 38 फीसदी से कुछ अधिक वोटर्स का साथ ले पाई थी। कांग्रेस महज 4 फीसदी वोट शेयर पर सिमट गई थी। वहीं, पिछले साल मई में हुए लोकसभा चुनाव में बाजी पूरी तरह पलट गई। इस चुनाव में भाजपा को 54 फीसदी से अधिक लोगों ने चुना जबकि गठबंधन करके लड़ी आप को 24 और कांग्रेस को करीब 19 फीसदी लोगों ने चुना। पिछले तीन विधानसभा और लोकसभा चुनावों में ऐसा ही ट्रेंड दिखा है। दिल्ली में वोटर्स का एक बड़ा तबका ऐसा है जो केंद्र के लिए मोदी को ठीक बताता है तो दिल्ली में मुफ्त वाली स्कीमों के लिए केजरीवाल को चुनते हैं।

**स्विंग वटोर्स को रोकने की कोशिश में भाजपा :** करीब 26 सालों से दिल्ली की सत्ता से दूर भाजपा जानती है कि यदि उसे अपना वनवास खत्म करना है तो इस ट्रेंड को तोड़ना होगा। इस बार भाजपा की कोशिश होगी कि जिन स्विंग वोटर्स ने कुछ ही महीने पहले ईवीएम में कमल का बटन दबाया था उन्हें अब झाड़ू की ओर से जाने से रोका जाए। यही वजह है कि पार्टी शीशमहल, टूटी सड़कें, गंदे पानी की आपूर्ति और यमुना के प्रदूषण जैसे मुद्दों को जोरशोर से उठाकर केजरीवाल का तिलिस्म तोड़ने की कोशिश कर रही है। जो वोटर्स मुफ्त वाली स्कीमों के लिए केजरीवाल को चुनते हैं उन्हें अपने पाले में रखने के लिए खुद पीएम मोदी ने वादा कर दिया है कि उनकी सरकार भी इन योजनाओं को जारी रखने वाली है। यदि भाजपा 10 पर्सेंट स्विंग वोटर्स को भी अपने पास रोककर रखने में कामयाब रही तो नतीजा अलग हो सकता है।

# अनुकंपा पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, पति की मौत के बाद नौकरी पाने वाली बहू को सास को देना होगा गुजारा



**चंडीगढ़, एजेंसी।** अनुकंपा नियुक्ति को लेकर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा है कि पति की मौत के बाद अनुकंपा के आधार पर नौकरी पाने वाली महिला को अपनी सास को गुजारा भत्ता देना पड़ सकता है। अदालत का कहना है कि धारा 125 के तहत बहू पर सास ससुर के भरण पोषण का दायित्व नहीं है, लेकिन न्याय के लिए अपवाद किया जा सकता है। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। बेंच ने फैमिली कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें महिला को अपनी सास को हर महीने 10 हजार रुपये देने के आदेश जारी किए गए हैं।

याचिकाकर्ता महिला को साल 2002 में पति की मौत के बाद साल 2005 में रेल कोच फैक्ट्री की तरफ में जूनियर क्लर्क का पद दिया गया था। इसके बाद वह अपने बेटे के साथ ससुराल छोड़कर चली गई थीं। साल 2022 में उनकी सास सोनीपत स्थित फैमिली कोर्ट पहुंची और गुजारा भत्ता दिए जाने की मांग की। मार्च 2024 में याचिकाकर्ता को अपनी सास को गुजारा भत्ता दिए जाने के आदेश जारी किए गए थे।

उन्होंने कहा कि सास के अन्य बच्चे भी हैं, जो उन्हें संभाल सकते हैं। यह भी कहा गया कि सास 20 साल बाद अदालत पहुंची हैं। खास बात है कि हाईकोर्ट ने यह भी पाया कि नियुक्ति के समय महिला ने यह कहा था कि वह पति के परिवार के सदस्यों और निर्भर लोगों की देखभाल करेंगी। यह भी पाया गया कि सास की बेटी की शादी हो चुकी है और दूसरा बेटा रिक्शा चलाता है और उसे अपने गंभीर रूप से बीमार बच्चे का ध्यान रखना होता है। ऐसे में उनका ध्यान रखने वाला कोई नहीं है।

कोर्ट ने समझाया कि धारा 125 के तहत गुजारा देने का मकसद अभाव से बचाना है। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि न्यायसंगत और सावधानी के साथ संतुलन बने और यह उत्पीड़न के हथियार में न बदले। कोर्ट ने नियुक्ति के दौरान महिला की तरफ से दिए गए शपथपत्र पर भी गौर किया। कोर्ट ने कहा, चूंकि याचिकाकर्ता को मौजूदा नौकरी अनुकंपा पर मिली है, उन्हें प्रतिवादी की देखभाल करनी होगी, क्योंकि वह अब अपने मृत पति की जिम्मेदारी उठा रही हैं। कोर्ट ने कहा, रिकॉर्ड से पता चलता है कि याचिकाकर्ता हर महीने 80 हजार रुपये कमाती हैं। ऐसे में याचिकाकर्ता गुजारा भत्ता के तौर पर प्रतिवादी को 10 हजार रुपये प्रति माह दे सकती हैं।

## भारतीय कंपनियों को अब देश नहीं, विदेशों में निवेश करना पसंद, यह मोदी सरकार के प्रति कॉर्पोरेट जगत का अविश्वास प्रस्ताव



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोदी सरकार के दस साल में भारत में निवेश का माहौल सुस्त रहा है. यह कहना है कांग्रेस का. कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों को लेकर आज सोमवार को मोदी सरकार पर हल्ला बोला. दावा किया कि भारत में निवेश करने में निजी क्षेत्र की अनिच्छा, नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रति कॉर्पोरेट जगत का अविश्वास प्रस्ताव है. कांग्रेस ने सरकार(मोदी) से केन्द्रीय बजट 2025 में देश में घरेलू निवेश को प्रोत्साहित करने और उसे बनाये रखने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया. क्योंकि कांग्रेस का दावा है, गिरावट आ रही है. इसी क्रम में जयराम रमेश ने कहा कि मोदी दशक' में भारत में निवेश का माहौल सुस्त रहा है. मोदी शासन में केवल चार-पांच व्यावसायिक समूह ही विकास कर सकते हैं जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सकल स्थायी पूंजी निर्माण मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल के दौरान सकल घरेलू उत्पाद के औसतन 32 प्रतिशत से गिरकर पिछले 10 वर्षों में लगातार सकल घरेलू उत्पाद के 29 प्रतिशत से नीचे आ गया है. कहा कि देश में निवेश सुस्त है, क्योंकि बड़े पैमाने पर उपभोग में तेजी नहीं आ रही है. अधिकारी व्यवसायियों को धमका रहे हैं और उन्हें डरा रहे हैं. यह धारणा बढ़ रही है कि मोदी शासन में केवल चार-पांच व्यावसायिक समूह ही विकास कर सकते हैं. 2024 में शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 12 साल के निचले स्तर पर आ गया रमेश ने कहा, अब मोदी सरकार के तहत भारत में निवेश करने के लिए निजी क्षेत्र की अनिच्छा का नया सबूत सामने आया है. इस साल अप्रैल-अक्टूबर (2024) में शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 12 साल के निचले स्तर पर आ गया है. दावा किया कि भारतीय कंपनियां अपने देश के बजाय विदेशों में निवेश करना पसंद कर रही हैं,यह मोदी सरकार के प्रति कॉर्पोरेट अविश्वास प्रस्ताव है. उन्होंने कहा कि एफडीआई बहुत ही महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे अधिक मौलिक है डीआई -घरेलू निवेश. कहा कि डीआई को कैसे प्रोत्साहित और बनाये रखा जाये, यह पेश होने वाले आगामी केंद्रीय बजट की केंद्रीय चिंता होनी चाहिए. जान लें कि केन्द्रीय बजट 1 फरवरी को पेश किया जायेगा।

# फिर बदला हिमाचल प्रदेश का मौसम, अचानक होने लगी बर्फबारी; शिमला में ओलावृष्टि



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से चल रहे साफ मौसम के बाद सोमवार को अचानक मौसम ने करवट बदल ली। इस बदलाव के साथ ही राज्य के कई हिस्सों में बर्फबारी और वर्षा का सिलसिला शुरू हो गया। लाहौल-स्पीति, किन्नौर और कुल्लू के ऊंचे इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई जिससे मौसम सर्द हो गया। वहीं शिमला शहर में भी ओलावृष्टि और बारिश ने कंपकंपी बढ़ा दी। मौसम विभाग ने पूरे हफ्ते के मौसम का हाल बताया है।

मौसम विभाग के मुताबिक लाहौल-स्पीति के हंसा में पांच सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गई, जबकि केलांग और गोंदला में भी हल्की बर्फबारी हुई। राजधानी शिमला में दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव आया और यहां जोरदार ओलावृष्टि और वर्षा हुई। शिमला के उपनगर टूटू में शिमला-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर सड़क ओलावृष्टि से सफेद हो गई और इससे यातायात प्रभावित हुआ तथा जाम लग गया। शिमला से सटे पर्यटन स्थलों कुफरी और नारकंडा में भी बाद दोपहर हल्की बर्फबारी शुरू हो गई, जिससे स्थानीय लोग और पर्यटक बर्फबारी का आनंद लेने में लगे रहे।

**निचले और मैदानी इलाकों में बारिश और सर्द हवाएं :** राज्य के निचले और मैदानी इलाकों में भी कहीं-कहीं हल्की वर्षा और सर्द हवाएं चलने लगीं। खासतौर पर सोलन, हमीरपुर, कांगड़ा और उना में सर्द हवाओं का असर महसूस किया गया। मौसम में अचानक बदलाव के कारण शीतलहर तेज हो गई है और लोग अधिक गर्म कपड़े पहनने को मजबूर हो गए हैं। शिमला की रातें मनाली से भी सर्द हो गई हैं। शिमला में सोमवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया और पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि मनाली का तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस रहा। जनजातीय क्षेत्रों केलांग, ताबो और कुकुमसेरी में पारा माइनस में चला गया है। केलांग में न्यूनतम तापमान -2.5 डिग्री, ताबो में -1.9 डिग्री और कुकुमसेरी में -0.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अगले चार दिन मौसम साफ, 11 जनवरी को फिर बारिश-बर्फबारी मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों के लिए पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के मुताबिक सात से 10 जनवरी तक प्रदेश में मौसम साफ रहेगा और बारिश या बर्फबारी की संभावना नहीं है। हालांकि सात और आठ जनवरी को निचले पहाड़ी और मैदानी इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर घना कोहरा छाने का अलर्ट जारी किया गया है। कोहरे के कारण दृश्यता में कमी हो सकती है जिससे यातायात प्रभावित होने की संभावना है। मौसम विभाग ने 11 जनवरी को फिर से बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। 12 जनवरी को मौसम साफ रहेगा और तापमान में कुछ वृद्धि हो सकती है।

हरमनप्रीत को रैस्ट, टीम की हुई घोषणा

# स्मृति मंधाना ऑयरलैंड के खिलाफ वनडे में करेंगी कप्तानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की बेहतरीन ओपनर स्मृति मंधाना 10 जनवरी से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए कप्तान की भूमिका में हैं। हरमनप्रीत कौर और रेणुका सिंह ठाकुर को आराम दिए जाने के बाद, मंधाना तेजल हसबनीस, प्रिया मिश्रा और राघवी बिष्ट जैसे उभरते सितारों वाली प्रतिभाशाली टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। वेस्ट इंडीज के खिलाफ 3-0 की जीत के बाद भारत आत्मविश्वास के साथ सीरीज में उतरेगा, जिसका लक्ष्य अपनी जीत की लय को बरकरार रखना है!

**आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत की टीम**

स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा



रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, राघवी बिस्ट , मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवेर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, सयाली सतघरे

**साल 2025 में स्मृति से उम्मीदें**

स्थिरताः स्मृति मंधाना की सभी प्रारूपों (वनडे, टी20आई, टेस्ट) में निरंतरता बनाए रखने की क्षमता महत्वपूर्ण होगी। अगर वह ऐसा करती है, तो वह साल 2024 में अपने करियर की कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती है।

नेतृत्व की भूमिकाः अगर वह 2024 में नेतृत्व की भूमिका निभाती है, तो इससे उनकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं और उसकी बल्लेबाजी के तरीके पर असर पड़ सकता है।

**आयरलैंड महिला टीम का भारत दौरा**

10 जनवरी-पहला वनडे, निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट
12 जनवरी-दूसरा वनडे, निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट
15 जनवरी-तीसरा वनडे, निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट

बैडमिंटनः

## मलयेशिया ओपन में त्रीसा और गायत्री की जोड़ी को मिली कामयाबी, प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई को सीधे गेम में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने केवल 30 मिनट में 21-10, 21-10 से जीत हासिल कर अंतिम 16 में जगह पक्की की। लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 टूर्नामेंट में अपनी सफलता से उत्साहित त्रीसा और गायत्री को गैरवरीय थाई जोड़ी से खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा।





## रोहित-विराट के समर्थन में उतरे युवराज सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हारने के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। रोहित और विराट दोनों ही बल्ले से खराब प्रदर्शन कर रहे हैं और हालांकि विराट ने पर्थ टेस्ट में शतक लगाया, लेकिन टीम में उनके स्थान को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने दुबई में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रीमियर लीग के लॉन्च पर रोहित और विराट दोनों का समर्थन करते हुए कहा कि लोग भूल जाते हैं कि उन्होंने (रोहित और विराट) अतीत में क्या हासिल किया है।

भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से बाहर करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को सिडनी में पांचवां और फाइनल जीतकर एक दशक बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। युवराज ने कहा, मैं देखता हूं कि भारत ने पिछले 5-6 सालों में क्या हासिल किया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो जीत हासिल की हैं। मुझे याद नहीं कि किसी टीम ने ऐसा किया हो। लोग रोहित शर्मा और विराट कोहली की खूब आलोचना कर रहे हैं, लेकिन लोग भूल जाते हैं कि उन्होंने अतीत में क्या हासिल किया है।

उन्होंने कहा, वे इस समय के दो सबसे महान क्रिकेटर हैं। यह ठीक है कि वे हार गए, वे हमसे ज़्यादा दुखी हैं। मुझे यकीन है कि भारत वापसी करेगा। कोच के तौर पर गौतम गंभीर, चयनकर्ता के तौर पर अजीत अगरकर, रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, वे इस समय क्रिकेट के सबसे बेहतरीन दिमाग हैं। उन्हें तय करना है कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य क्या है। मुझे यकीन है कि इस पर बीसीसीआई, जय शाह के साथ चर्चा की जाएगी और इस बात पर विचार किया जाएगा कि भारत के लिए आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका क्या है। रोहित शर्मा के सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर होने पर युवराज ने कहा, यह बड़ी बात है। मैंने पहले कभी नहीं देखा कि कोई कप्तान फॉर्म में न हो और उसने प्लेइंग इलेवन से बाहर होने का फैसला किया हो।

यह रोहित शर्मा की महानता है कि उन्होंने टीम को खुद से आगे रखा। वह एक महान कप्तान हैं, चाहे वह जीतें या हारें, वह हमेशा एक महान कप्तान रहेंगे। उनकी कप्तानी में हमने विश्व कप (वनडे) फाइनल खेला, हमने टी20 विश्व कप जीता, हमने बहुत कुछ हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया में हार से ज्यादा, न्यूजीलैंड से हार ने हमें और अधिक दुखी किया होगा क्योंकि हम अपने घर में 0-3 से हार गए थे। यह स्वीकार्य नहीं है। यह ठीक है कि हम दो बार जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया में हार गए। ऑस्ट्रेलिया इतने सालों से एक प्रमुख टीम रही है। यह पूछे जाने पर कि वह ड्रेसिंग रूम में क्या बदलाव देखना चाहेंगे? युवराज ने कहा, सबसे पहले मैं उस स्थिति में नहीं हूं, मैं खेल का छात्र था और अब भी खेल का छात्र हूं। गंभीर, रोहित और विराट ने मुझसे ज्यादा क्रिकेट खेली है। मैं केवल अपनी राय दे सकता हूं और मेरी राय यह है कि जब खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हों तो उनकी आलोचना करना बहुत आसान है, लेकिन उनका समर्थन करना बहुत मुश्किल है। उनकी आलोचना करना मीडिया का काम है और अपने दोस्तों और भाइयों का समर्थन करना मेरा काम है। मेरे लिए वे मेरा परिवार हैं। सीधी सी बात है।

स्क्वैश : 16 साल की अनहत ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

# ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वैश का खिताब जीता



**बर्मिंघम, एजेंसी।** बीते वर्ष वह अंडर-17 वर्ग के फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन उन्हें यहां हार मिली थी। 2022 में अनहत राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाली देश की सबसे युवा खिलाड़ी बनी थीं। अनहत ने एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य जीता है। वर्तमान में उनकी विश्व रैंकिंग 82 है।

देश की उभरती स्क्वैश खिलाड़ी 16 वर्षीय अनहत सिंह ने अंडर-17 ब्रिटिश ओपन जूनियर स्क्वैश टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। शीर्ष वरीय अनहत ने फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीय मलिका अल कराक्सी को एक सेट से पिछड़ने के बाद 4-11, 11-9, 6-11, 11-5, 11-3 से हराया। अनहत इससे पहले यहां अंडर-11 और अंडर-15 वर्ग का खिताब जीत चुकी हैं। बीते वर्ष वह अंडर-17 वर्ग के फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन उन्हें यहां हार मिली थी। 2022 में अनहत राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाली देश की सबसे युवा खिलाड़ी बनी थीं। अनहत ने एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य जीता है। वर्तमान में उनकी विश्व रैंकिंग 82 है।

### अनहत का परिवार

13 मार्च 2008 को दिल्ली में जन्मीं अनहत के पिता गुरशरण सिंह पेशे से वकील हैं। वहीं, मां तानी सिंह इंटीरियर डिजाइनर हैं। अनहत की बड़ी बहन अमीरा भी स्क्वैश प्लेयर हैं। वह अंडर-19 लेवल पर भारत की शीर्ष खिलाड़ियों में रह चुकी हैं। अमीरा स्नातक की डिग्री हासिल करने के बाद फिलहाल हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रही हैं। वह अभी हार्वर्ड महिला टीम के लिए स्क्वैश खेलती हैं।

### अनहत को बैडमिंटन पसंद

अनहत को स्क्वैश से पहले बैडमिंटन पसंद था। वह पीवी सिंधु को खेलता देख बड़ी हुई हैं। छह साल की उम्र में अनहत ने दिल्ली में पीवी सिंधु को खेलते देखा। तब सिंधु इंडिया ओपन में हिस्सा ले रही थीं। इसके बाद अनहत ने भी बैडमिंटन में भविष्य बनाने का सोचा। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में कुछ युवा स्तर के टूर्नामेंट भी जीते। हालांकि, अपनी दीदी अमीरा के नक्शेकदम में चलते हुए उन्होंने आठ साल की उम्र से नियमित रूप से स्क्वैश खेलना शुरू कर दिया। तब से लेकर अब तक अनहत स्क्वैश खेल रही हैं।

### अनहत ने 2019 में ब्रिटिश ओपन में स्वर्ण जीता

इसके बाद कुछ ही समय में अनहत अंडर-11 और अंडर-13 में नंबर एक खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने 2019 में अंडर-11 लेवल पर भारत के लिए पहली बार प्रतिष्ठित ब्रिटिश ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया। इस खिताब के बाद अनहत ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा था। इसी साल अनहत ने एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। साल 2020 में उन्होंने ब्रिटिश और मलेशिया जूनियर ओपन टूर्नामेंट में रजत पदक जीता था।

### यूएस ओपन 2021 में जूनियर चैंपियन बनीं अनाहत

अनहत ने पिछले साल फिलाडेल्फिया में आयोजित यूएस ओपन 2021 जूनियर (अंडर -15) स्क्वैश टूर्नामेंट भी जीता था। वह किसी भी आयु वर्ग में यूएस ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट में चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। इसके बाद साल 2022 में तो अनहत ने कमाल ही कर दिया। यह उनका अब तक का सबसे अच्छा सीजन रहा। उस साल जून में थाईलैंड एशियाई जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप (अंडर-15) में अनहत ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इतना ही नहीं चेन्नई में हुए नेशनल कैंप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भारतीय स्क्वैश टीम में जगह बनाई।

## हम जानते हैं लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया को कैसे हराना है : कैगिसो रबाडा

**केपटाउन, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने भरोसा जताया है कि उनकी टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ा उलटफेर कर सकती है। उन्होंने कहा कि प्रोटियाज को पता है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया को कैसे हराना है।

दरअसल, दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार को केपटाउन में पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से जीत दर्ज की थी। इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से पाकिस्तान को हरा दिया है, जिससे उनकी पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में एंट्री हुई है।

रबाडा ने पाकिस्तान के खिलाफ छह विकेट लिए थे। तेज गेंदबाज रबाडा ने सुपरस्पोर्ट पर कहा, यह वास्तव में काफी दूर है, लेकिन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जैसे बड़े अवसर के लिए आपको तैयार रहना होता है। दक्षिण अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया हमेशा से एक अच्छी प्रतिद्वंद्विता रही है, क्योंकि हम क्रिकेट काफी हद तक एक जैसा खेलते हैं। हम



कड़ी मेहनत से खेलते हैं और वह हमें कड़ी टक्कर देते हैं, यह हम जानते हैं। उन्होंने आगे कहा, हम उन्हें हराना भी जानते हैं। (टेस्ट क्रिकेट) हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रारूप है, जो हम अभी खेल रहे हैं।

जब आप दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट और हमारे सभी दिग्गजों को देखते हैं तो वह सभी महान टेस्ट क्रिकेटर रहे हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेटर हैं और पाकिस्तान के खिलाफ यह श्रृंखला शानदार रही है।

पाकिस्तान को हराने के बाद दक्षिण अफ्रीका पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गया है। उसके 69.44 प्रतिशत अंक हो गए हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया 63.73 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई टेस्ट मैच निर्धारित नहीं होने के कारण प्रोटियाज कोच शुकरी कॉनराड अपनी आगामी मैच की संभावनाओं के बारे में बताया।

कॉनराड ने कहा, हम संभवत ब्रिटेन में आयरलैंड या अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच आयोजित करने का प्रयास करेंगे। हालांकि, अगर असफल होते हैं तो हम निश्चित रूप से कुछ दिन पहले बाहर जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम वहां अच्छी तरह से कैंप करें, शायद कैंटरबरी में ऐसा हो।

## राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए पारस पुंडीर का चयन, कुल्लू के दो खिलाड़ी जूडो में दिखाएंगे दम

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के विकास खंड राजगढ़ के भाणत निवासी पारस पुंडीर का चयन राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 7 से 13 जनवरी तक राजस्थान के जयपुर में होगी। प्रदेश की टीम जयपुर के लिए रवाना हो चुकी है। पारस पुंडीर जयपुर में प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। पारस वर्तमान में ऊना स्पोर्ट्स हॉस्टल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। पारस ने अपने चयन का श्रेय अपने गुरु और पिता रणदीप ठाकुर और हॉस्टल में अपने कोच तपन ठाकुर को दिया। पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी भूपेंद्र ठाकुर, रणदीप ठाकुर, अमन ठाकुर और जिला संघ के अध्यक्ष पृथ्वी राज ने कहा कि पारस को बधाई दी है।



**कुल्लू के दो खिलाड़ी जूडो में दिखाएंगे दमखम**

महाराष्ट्र के पुणे में राष्ट्रीय सब जूनियर कैडेट जूडो प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में कुल्लू के दो खिलाड़ी महिला और पुरुष वर्ग में दमखम दिखाएंगे। 44 किलोग्राम महिला भार वर्ग में एश्विन ठाकुर और 40 किलोग्राम पुरुष भार वर्ग में ऋतिक का चयन हुआ है। कुल्लू जूडो एसोसिएशन के प्रधान रणवीर ठाकुर ने कहा कि हाल ही में शिमला में राष्ट्रीय सब जूनियर कैडेट जूडो प्रतियोगिता के लिए ट्रायल किए गए थे।

## किरण जाधव ने लक्ष्य कप में एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता

**मुंबई, एजेंसी।** नौसेना के किरण जाधव ने कई जाने-माने निशानेबाजों को पछाड़ते हुए 15वें लक्ष्य कप आमंत्रण टूर्नामेंट में 10 मीटर एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता। वर्ष 2018 से हर बार फाइनल में जगह बनाने वाले 29 साल के जाधव ने 251.7 अंक के साथ पहली बार खिताब जीता। जाधव ने महाराष्ट्र के गजानन खानदागले (250.9) और महाराष्ट्र के ही मोहित गौड़ा (229.3) को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता।



पेरिस ओलंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाले रेलवे के अर्जुन बबूता खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे लेकिन वह 208.2 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। पुरुष और महिला राष्ट्रीय एयर राइफल चैंपियन क्रमशः साहु माने और अनन्या नायडू फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे।

## लक्ष्य, प्रणय मलेशिया ओपन में भारत का अभियान शुरू करेंगे



**कुआलालंपुर, एजेंसी।** शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पर सबकी नजरें रहेंगी, क्योंकि वे मंगलवार को मलेशियाई राजधानी के स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में शुरू होने वाले नए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के पहले सुपर 1000 इवेंट मलेशिया ओपन 2025 में साल का अपना पहला खिताब जीतने की उम्मीद में सर्किट पर लौट रहे हैं। पुरुष एकल में लक्ष्य का सामना यू जेन ची (चीनी ताइपे) से होगा, जबकि प्रणय राउंड ऑफ 32 मैचों में ब्रायन यांग (कनाडा) से भिड़ेंगे।

इस बीच, पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी अपने ब्रैकेट में लू मिंग चे और टैंग काई वी (चीनी ताइपे) के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। चिराग और सात्विक पुरुष युगल में सातवें स्थान पर हैं।

महिला एकल में आकर्षि कश्यप अपने पहले दौर के मुकाबले में जूली डावल जैकबसेन (डेनमार्क) से भिड़ेंगी, जबकि मालविका बंसोड़ का सामना गोह जिन वेई (मलेशिया) से होगा। अनुपमा उपाध्याय आठवें स्थान पर रहने वाली पोर्नपावी चोचुवोंग (थाईलैंड) को चुनौती देंगी। महिला युगल में सातवें स्थान पर रहने वाली ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी शामिल होगी, जो ओर्निचा जोंगसाथपोर्नपर्न और सुकिता सुवाचाई (थाईलैंड) से भिड़ेंगी।

आठवें स्थान पर रहने वाली तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा का सामना मिसाकी मात्सुतोमो और चिहारू शिदा (जापान) से होगा। बहनों के बीच होने वाले मुकाबले में रुतापर्णा और स्वेतापर्णा पांडा का सामना बेनयापा और नुंताकरन एम्सार्ड (थाईलैंड) से होगा। कई मिश्रित युगल जोड़ी भी एक्शन में होंगी, जिसमें सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ के बीच आशिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश के खिलाफ एक अखिल भारतीय मुकाबला शामिल है। तनिषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला राउंड ऑफ 32 में को सुंग ह्यून और इओम हये वोन (दक्षिण कोरिया) से भिड़ेंगे।

## एशियाड स्वर्ण विजेता बहादुर सिंह बने नए एएफआई अध्यक्ष, निर्विरोध चुने गए



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शियाई खेलों के स्वर्ण विजेता और गोला फेंक के पूर्व खिलाड़ी बहादुर सिंह सागू को मंगलवार को यहां वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वह लंबे समय से शीर्ष पद पर कार्यरत आदिल सुमरिवाला की जगह लेंगे।

बुसान एशियाई खेल 2002 में गोला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने तथा 2000 और 2004 के ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले 51 वर्षीय सागू को चार साल के लिए इस पद पर चुना गया है। वह एएफआई एथलीट आयोग के सदस्य भी हैं। निवर्तमान वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज के अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर हो जाने के बाद सागू मैदान में एकमात्र उम्मीदवार बचे थे। एएफआई की दो दिवसीय वार्षिक आम बैठक में उनके चुनाव को औपचारिक रूप दिया गया।

सागू ने एशियाई खेल 2002 में पुरुषों के गोला फेंक में 19.03 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 20.40 मीटर है। उन्हें पद्म श्री से भी सम्मानित किया जा चुका है। एएफआई के अन्य पदों के लिए भी कोई चुनाव नहीं हुआ तथा 2020 में पिछली एजीएम के दौरान जो हुआ उसकी पुनरावृत्ति हुई।

दिल्ली इकाई के शीर्ष पदाधिकारी संदीप मेहता को निर्विरोध एएफआई सचिव चुना गया। वह निवर्तमान कार्यकारी परिषद में वरिष्ठ संयुक्त सचिव थे। स्टेनली जोन्स को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 08 जनवरी 2025 | 8


कमिश्नर कार्यालय रीवा में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कमिश्नर ने 15 आवेदन पत्रों में जनसुनवाई की। कमिश्नर ने आवेदक मुकुंद तिवारी, रामविश्राम मिश्रा, शंकर प्रसाद त्रिपाठी, प्रदीप कोल, राजू कोल, सुरेन्द्र तिवारी शंकर सिंह तथा अन्य आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई की।



# पेंशन प्रकरण लंबित रहने पर रूकेगी कार्यालय प्रमुख की वेतनवृद्धि

## उपार्जित धान के परिवहन और भण्डारण पर विशेष ध्यान दें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित साप्ताहिक संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी सात दिवस में दिसम्बर माह तक सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। समय सीमा के बाद पेंशन प्रकरण लंबित रहने पर संबंधित कार्यालय प्रमुख की वेतनवृद्धि रूकेगी। आगामी तीन माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सूची प्रस्तुत करते हुए इनके पेंशन प्रकरण तैयार करने की भी कार्यवाही करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र और छात्रावासों का निरीक्षण कर



प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। विभागीय कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कार्यालय में किए जा रहे नवाचार की भी जानकारी प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने धान उपार्जन की समीक्षा करते हुए कहा कि उपार्जित धान का परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। मऊगंज, सीधी और मैहर जिले के खरीदी केन्द्रों में बड़ी मात्रा में परिवहन के लिए धान शेष है। इन जिलों में कलेक्टरों के साथ परिवहनकर्ताओं की बैठक कराकर अतिरिक्त ट्रक परिवहन के लिए लगाएं। उपार्जित धान का किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। सभी जिलों में गोदाम में पहुंची धान की तुलना में भुगतान की राशि कम है। गोदामों में धान भण्डारित करने से पूर्व उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करें। पर्याप्त कारण होने पर ही रिजेक्शन करें। संभाग स्तर पर उपार्जन की निगरानी के लिए 6 टीमें बनाई गई हैं। सभी टीमें लगातार खरीदी केन्द्रों का भ्रमण करके उपार्जन की निगरानी करें।

कमिश्नर ने अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन में 100 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि सभी संभागीय और जिलाधिकारी प्रतिदिन शाम 4 से 5 बजे तक सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए आवेदकों तथा एल-1 अधिकारियों से चर्चा करें। इस सप्ताह प्रकरणों के निराकरण की स्थिति संतोषजनक नहीं है। ऊर्जा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग तथा ट्राईबल विभाग प्रकरणों के निराकरण में विशेष ध्यान दें। बैठक में कमिश्नर ने नलजल योजनाओं के संचालन, हैण्डपंपों के सुधार, खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आवंटित खाद्यान्न के उठाव तथा वितरण एवं न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, मुख्य अभियंता ऊर्जा आईके त्रिपाठी, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ संजीव शुक्ला, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह तथा अन्य संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आज

**रीवा।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 8 जनवरी को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल करेंगी। बैठक में गत बैठकों के निर्णयों के पालन प्रतिवेदन, स्थाई समितियों के प्रस्तावों, पीआईयू के निर्माण कार्यों की समीक्षा तथा कृषि आदान की समीक्षा की जाएगी। बैठक में उद्यानिकी विभाग, मछली पालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुर्वेद विभाग, पशुपालन विभाग तथा खनिज विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी। प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सामान्य सभा के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# राज्य स्तरीय युवा उत्सव में रीवा संभाग की टीम ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## विभिन्न प्रतियोगिताओं में मिले पुरस्कार



**रीवा।** भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में आयोजित 28वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव में रीवा सम्भाग की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों को पुरस्कार प्राप्त हुये। कहानी लेखन में सम्भाग की आकांक्षा प्रजापति को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 10000 रुपए, लोकनृत्य सामूहिक में द्वितीय स्थान पर 40000 रुपए, लोकगीत सामूहिक में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर दल को 20000 रुपए का पुरस्कार मिला। साथ ही पेटिंग में मुकेश प्रजापति को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर 4000 रुपए पुरुस्कार राशि एवं शील्ड प्रदान की गयी। उप संचालक बी एस यादव ने पुरस्कार वितरण किया। सम्भागीय खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एम के धौलपुरी, दल प्रभारी युवा समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग विकास कुमार सोनी एवं कोच मानिन्द्र शेर अली खान एवं रमा ऊइके भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# नल जल योजना से घर-घर में पहुंचा नल से पानी

**रीवा।** नल जल योजना ने ग्रामीण रहवासियों की दैनिक दिनचर्या में अमूलचूल परिवर्तन कर दिया है। पहले महिलाओं को हैण्डपंप या अन्य किसी जल स्त्रोत से पानी लाने के लिये घण्टों मसक्कत करनी पड़ती थी वह सब परेशानी दूर हो गई है। अब लोगों के घरों में नल जल योजना से नल के माध्यम से पानी पहुंच रहा है।

जिले के रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के महिया गांव में पानी की बड़ी समस्या थी। महिलाओं को पानी लेने दूर-दूर तक जाना पड़ता था पानी लेकर आने में उनका पूरा दिन ही निकल जाता था जिससे वह अन्य कोई भी काम नहीं कर पाती थीं। हैण्डपंप के खराब होने या जल स्तर नीचे चले जाने से पानी लेने दूसरे स्थान जाना पड़ता था। घरों में बच्चों को छोड़कर जाने से वह भी असुरक्षित रहते थे क्योंकि घरों के पुरूष कामकाज में निकल जाते थे। उन्होंने इसे नियति ही समझ लिया था और इसी परेशानी को सहते हुए जीवन यापन कर रहे थे। जल जीवन मिशन योजना के गांव वासियों के जिन्दगी में नया परिवर्तन ला दिया है। लोक स्वास्थ्य विभाग द्वारा नल जल योजना बनाई गई और इससे घर-घर में नल का कनेक्शन दिया गया।

# कमिश्नर की अध्यक्षता में आपरेशन निखार संबंधी विद्यालयीन प्राचार्यों की बैठक आज

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर श्री बी.एस. जामोद 8 जनवरी को आपरेशन निखार के तहत जिले के विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक लेंगे। माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय के सहयोग से कैरियर काउसिलिंग का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने समस्त प्राचार्यों को नियत समय पर उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

# जनसुनवाई में 75 लोगों की सुनी गई समस्यायें

रीवा

कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 75 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में सरपंच एवं ग्रामवासी तिवरिगवां ने गांव को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने के लिये सड़क निर्माण का आवेदन दिया जिसे एसडीएम



रायपुर कर्चुलियान को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। जनकाई के सत्येन्द्र कुमार के अवरूद्ध रास्ता को खोलने, डीह निवासी गणेश साकेत के स्वामित्व भूमि से अवैध मकान निर्माण को रोकने व तमरी निवासी विश्वनाथ साकेत के पट्टा दिलाये जाने के आवेदनों को संबंधित तहसील को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। आशा कुशवाह निवासी सेमरिया के घर में जबरन कब्जा करने, रामभुवन शर्मा हरहा के जमीन का मुआवजा दिलाने एवं बरेतीकला 356 के बालमुकुंद शुक्ल ने भूअर्जन की राशि दिलाने के आवेदनों को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई में बरौ के शिवकुमार तिवारी के मुआवजा राशि प्रदान करने के आवेदन, दिनेश पटेल गोरगांव 165 के नक्शा तरमीम के आवेदन, विश्वनाथ साकेत तमरी बांसा के पट्टा दिलाने के आवेदनों को संबंधित तहसीलदार को, ओमप्रकाश कुशवाहा वार्ड क्रमांक 6 रीवा के खाद्यान्न पर्ची बनाने के आवेदन एवं रामसजीवन कुशवाहा महेवा के सीमांकन कराने के आवेदन को संबंधित तहसीलदार को प्रेषित कर कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। रामसिया प्रजापति सुन्दर नगर में प्रधानमंत्री आवास में नाम शामिल किये जाने के आवेदन को आयुक्त नगर निगम को प्रेषित किया गया। बृजेन्द्र सिंह कोटरा सुरवार ने नलजल योजना के बोर से अतिक्रमण हटाने का आवेदन दिया जिसे संबंधित अधिकारी को कार्यवाही करने के लिये प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला उद्योग संवर्धन समिति की बैठक संपन्न

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में जिला उद्योग संवर्धन समिति की बैठक संपन्न हुई। डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले की उपस्थिति में आयोजित बैठक में जिले में स्थापित उद्योगों के उद्यमियों से औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई। अर्धशहरी औद्योगिक संस्थान बिछिया में विद्युत समस्या, अतिक्रमण हटाने एवं जल निकासी के संबंध में उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया। उद्योग विहार चोरहटा में पानी निकासी व विद्युत की ट्रिपिंग की ओर उद्यमियों ने ध्यान



आकृष्ट किया। बैठक में प्राप्त समस्याओं को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये गये। नगर निगम के कार्यपालन यंत्री ने बिछिया में जल निकासी हेतु नाली निर्माण का कार्य आगामी 3 माह में कराये जाने की बात कही। इस दौरान उद्योग विहार के अध्यक्ष राजीव खन्ना, उपाध्यक्ष जी.एस. साहनी, उपदेश पसारी, दिलीप सिंह, नीलेश तिवारी सहित अन्य उद्यमी तथा कार्यपालन यंत्री एच.के. त्रिपाठी, विद्युत मंडल के संजय सिंह, महाप्रबंधक जे.पी. तिवारी उपस्थित रहे।

# नगर निगम में आज बाणसागर कालोनी में लगेगा शिविर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 8 जनवरी को वार्ड क्रमांक 25 के लिए सामुदायिक भवन बाणसागर कालोनी में जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

# जनकल्याण अभियान के तहत आज 12 ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

रीवा

पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 8 जनवरी को अनुभाग हुजूर में सिलपरा तथा भटलो में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में छदहना तथा अतरैला और अनुभाग मनगवां में पिपरहा, खैरा तथा फूल नम्बर एक में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह 7 जनवरी को ही अनुभाग त्योंथर में आमिलकोनी तथा सतपुरा पड़िवार और अनुभाग सिरमौर में गोदहा, चचाई तथा मटीमा में शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने आमजनता से इन शिविरों से लाभ उठाने की अपील की है।

# अमानक बीज बेचने वाले 8 विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त

**रीवा।** उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने अमानक बीज बेचने वाले पाँच दुकानदारों के बीज विक्रय लाइसेंस निरस्त करने के आदेश दिए हैं। यह कार्यवाही बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत की गई है। बीज निरीक्षक द्वारा बीज विक्रेताओं की दुकानों से नमूने लेकर बीज परीक्षण प्रयोगशाला कुठुलिया में अंकुरण परीक्षण कराया गया। परीक्षण में बीज के नमूने अमानक पाए जाने पर संबंतिध बीज विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस दिया गया। नोटिस का संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर बीज अधिनियम 1966 के प्रावधानों के तहत लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही 6 जनवरी 2025 को की गई है। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार मेसर्स राजेश गुप्ता बीज भण्डार जवा, मेसर्स अजय बीज भण्डार जवा, मेसर्स हनुमान कृषि बीज भण्डार गंगेव, मेसर्स मां कृषि केन्द्र गंगेव, मेसर्स सांई ट्रेडिंग कंपनी रतहरा, मेसर्स गुरू कृपा कृषि सेवा केन्द्र रायपुर कर्चुलियान तथा मेसर्स कमलाकर ट्रेडर्स त्योंथर के बीज लाइसेंस निरस्त किए गए हैं।

# समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं पर लंबित प्रकरण तत्काल निराकृत करें : कमिश्नर

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण तत्काल निराकृत करें। मुख्यमंत्री जी प्रत्येक माह के अंतिम सोमवार को लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हैं। प्रकरणों के लंबित रहने पर अप्रिय स्थिति के लिए अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। इस माह की समाधान ऑनलाइन में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, नवीन राशन कार्ड तथा पात्रता पर्ची, जननी सुरक्षा योजना तथा नलजल योजनाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। साथ ही पुलिस थाने में दर्ज प्रकरणों में आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा मनरेगा योजना में मजदूरी भुगतान से संबंधित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। समाधान ऑनलाइन में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना एवं सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की जाएगी। कमिश्नर ने कहा है कि सभी संबंधित अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं पर लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। इसमें सौ दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। सभी कलेक्टर साप्ताहिक टीएल बैठक में संबंधित अधिकारियों से लंबित प्रकरणों में कार्यवाही सुनिश्चित करके प्रकरणों का निराकरण कराएं।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत निगम द्वारा शिविरों का वार्ड वार किया जा रहा आयोजन



**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत निगम द्वारा शिविर का वार्डवार निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। शिविरों मे अब तक 2458 आवेदन प्राप्त हुये जिनमे 2436 स्वीकृत, शेष 22 में कार्यवाही प्रगतिरत है। इस क्रम में 07 जनवरी को निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशन मे नगर निगम अंतर्गत जोन 4 वार्ड क्र. 45 पानी की टंकी के पास कुठुलिया रीवा में आयोजन किया गया।

निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे ने शिविर में पहुँचकर आमजन की शिकायतो से अवगत हुये एवं संबल अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि की शिकायत पर तत्काल निराकृत करने के निर्देश दिए। आमजन की शिकायत पर वार्ड में रोड़ नाली का निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त करने हेतु आमजन की मॉग पर सड़क मार्ग में स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए। वार्ड में पार्क बनाने की कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिए। वार्ड में सुलभ शौचालय बनाये जाने की कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिए। साथ ही वार्ड में विकसित हो रही अवैध कलोनी में सड़क निर्माण करा लिया गया है, जिसकी जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल उखाड़ने एवं नियमानुसार कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

• अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी • फिर से होने की संभावना सबसे कम • कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

• आकस्मिक चिकित्सा इकाई • गहन चिकित्सा • खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र • दवाईयाँ • प्रसूति कक्ष • शल्य चिकित्सा कक्ष • शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833